नई दिल्ली
बुधवार, 10 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 237
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# राज्यसभा: 'वंदे मातरम' पर दिनभर रही गर्मी, सत्ता–विपक्ष में तीखी नोकझोंक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में मंगलवार को 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा के दौरान सदन का माहौल पूरे दिन गरमाता रहा। सत्र शुरू होते ही सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हुए, जिसके चलते कई बार हंगामा भी हुआ और कार्यवाही बाधित करनी पड़ी।

### अमित शाह ने की बहस की शुरुआत, कहा-'वंदे मातरम भारत की आत्मा'



बहस की शुरुआत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की "राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा" है। उन्होंने कांग्रेस पर अपरोक्ष रूप से निशाना साधते हुए दावा किया कि इतिहास में कुछ अवसरों पर इस गीत को सीमित करने की कोशिश की गई, जिसे उन्होंने "सांस्कृतिक विरासत के प्रति अन्याय" बताया। अमित शाह ने वंदे मातरम के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के योगदान को याद करते हुए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विपक्ष का पलटवार-'असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश'



विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश आर्थिक दबाव, बेरोज़गारी और सामाजिक तनाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, और ऐसे समय में सरकार प्रतीकात्मक बहसों में उलझाकर "जनता के मुद्दों से बचने की कोशिश कर रही है।" खरगे ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता 1921 के असहयोग आंदोलन में "वंदे मातरम" बोलकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सदन में हंगामा, दोनों पक्षों में तीखी जुबानी जंग

बहस के दौरान कई बार पक्ष और विपक्ष के बीच तीखा विवाद देखने को मिला। भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि विपक्ष बहस को भटकाने का प्रयास कर रहा है।विपक्षी दलों ने जवाब दिया कि सरकार इतिहास के नाम पर "राजनीतिक एजेंडा" आगे बढ़ा रही है।एक मौके पर सदन में इतना शोर हुआ कि सभापति को हस्तक्षेप कर सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील करनी पड़ी। सदन में कई सदस्यों ने ऐतिहासिक घटनाओं, स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम् की भूमिका और इसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। कांग्रेस सांसदों ने पंडित नेहरू और अन्य नेताओं की भूमिका का उल्लेख किया, जबकि सरकारी पक्ष ने इस गीत को "राष्ट्रीय गौरव" का प्रतीक बताते हुए इसे पाठ्यक्रम और कार्यक्रमों में बढ़ावा देने की बात बता रहे हैं। बहरहाल, विशेष बहस के दौरान हुए टकराव से यह साफ दिखा कि वंदे मातरम् को लेकर राजनीतिक दलों में विचारधारात्मक मतभेद गहरे हैं। सत्ता पक्ष इसे सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक मानकर आगे बढ़ा रहा है, जबकि विपक्ष इसे "चुनावी मौसम का राजनीतिक प्रसंग" कहकर चुनौती दे रहा है।

भारत और ब्राजील के द्विपक्षीय रक्षा संबंधों तथा सहयोग को मिलेगा और अधिक बढ़ावा

## आज से ब्राजील की चार दिवसीय यात्रा पर नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों के बीच नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी मंगलवार से ब्राजील की चार दिवसीय (9 से 12 दिसंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के इस मित्र देश के साथ अपनी समुद्री सेना की मजबूत और बढ़ती हुई साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। यह देश की व्यापक सामरिक साझेदारी का भी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सैन्य प्रतिष्ठानों में भी जाएंगे नौसेनाप्रमुख

मंत्रालय ने बताया कि एडमिरल त्रिपाठी अपनी इस यात्रा में ब्राजील की परिचालन कमांड के साथ बैठकें करने के अलावा उनके नौसैनिक अड्डों और शिपयार्डों का भी दौरा करेंगे। जबकि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ब्राजील की स्कॉर्पीन पनडुब्बी की मरम्मत करेगा भारत?

रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारत और ब्राजील एक-दूसरे के साझेदार देश हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर होने वाले सैन्य समुद्री युद्धाभ्यासों में दोनों देशों की नौसेनाएं ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

लोकसभा में चुनाव सुधारों पर बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने पूछा, सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से क्यों हटाया गया?

# लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है भाजपा, सीबीआई ईडी की तरह चुनाव आयोग पर भी किया कब्जा: राहुल

» *बिहार में एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट में एक लाख 22 हजार डुप्लीकेट फोटो छपी हैं, हमने हरियाणा और महाराष्ट्र में वोट चोरी साबित की: नेता प्रतिपक्ष*

» *कहा, चुनाव कार्यक्रम प्रधानमंत्री की सुविधा के हिसाब से तय किए जाते हैं, यह चुनावी निष्पक्षता को नुकसान पहुंचाता है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में मंगलवार को चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। सीबीआई, ईडी पर भी एक संस्था से जुड़े लोगों ने कब्जा किया गया है। तीसरी संस्था चुनाव आयोग पर भी एक संस्था का कब्जा है, जो देश में चुनाव को नियंत्रित करती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया।

राहुल गांधी ने कहा कि दिसंबर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। यह 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले किया गया। सीसीटीवी और डेटा को लेकर नियम बदले गए। सत्ता के साथ चुनाव आयोग का तालमेल है। यह डेटा का सवाल नहीं, चुनाव का सवाल है। हरियाणा की वोटर लिस्ट में एक ब्राजीलियन महिला की फोटो 22 बार छपी। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग को कंट्रोल करने का क्या मतलब है? वह तस्वीरें यहां नहीं दिखाना चाहता, लेकिन यह चुनाव की चोरी का सवाल है। चुनाव आयोग को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट में एक लाख 22 हजार डुप्लीकेट फोटो छपी हैं। हमने हरियाणा और महाराष्ट्र में वोट चोरी साबित की है। चुनाव सुधार जरूरी हैं। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए। सीसीटीवी फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग पर नियंत्रण का सीधा असर चुनाव तारीखों पर पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव कार्यक्रम प्रधानमंत्री की सुविधा के हिसाब से तय किए जाते हैं। राहुल ने कहा कि यह चुनावी निष्पक्षता को नुकसान पहुंचाता है और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधी चोट करता है। उन्होंने इसे "चुनाव की सच्चाई बदलने की कोशिश" बताया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोडसे ने हमारे राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। वह एक असहज सच्चाई हैं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा, सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा जो वहां से निकली हैं। राहुल गांधी ने कहा, सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। राहुल के बायन पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सभी लोग नेता प्रतिपक्ष को सुनने के लिए ही बैठे हैं। अगर वह विषय पर ही नहीं बोलेंगे, तो क्यों समय खराब कर रहे हैं सबका।

चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग पर एक विशेष संगठन का प्रभाव बढ़ गया है और इसी प्रभाव का इस्तेमाल भाजपा लोकतांत्रिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

लोकसभा में चुनाव सुधारों पर बहस

## चुनाव आयोग ने नागरिकों को पूर्ण मतदान अधिकार के लिए सुधार किए: ठाकुर

» *सत्तापक्ष ने चुनाव सुधारों को जरूरी बताया, विपक्ष ने चुनाव निष्पक्षता और एसआईआर को लेकर सवाल खड़े किए*

ईवीएम मशीनों का सोर्स कोड किसी और कंपनी के पास होना चिंताजनक है: मनीष तिवारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में मंगलवार को चुनाव सुधारों को लेकर हुई चर्चा में सत्तापक्ष एनडीए के सदस्यों ने सुधारों को मतदाताओं के हक में बताया तो वहीं विपक्ष दलों के सदस्यों ने चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए सरकार को घेरा। विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर को गैरजरूरी बताते हुए कहा कि लोगों को वोट के अधिकार से वंचित करने के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई है।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि चुनाव आयोग ने नागरिकों को पूर्ण मतदान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए कई सुधार किए हैं, और ऐसे कदमों का विरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, चुनावी सुधारों के बारे में मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने ब्रिटिश काल के हजारों पुराने कानूनों को समाप्त किया है। साथ ही, आज़ाद भारत के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नए कानून भी बनाए गए हैं। ठाकुर ने कहा, बिहार चुनावों के दौरान किसी भी व्यक्ति ने यह दावा नहीं किया कि उसका नाम मतदाता सूची से हटाया गया है। राजनीतिक दलों को आपत्ति उठाने के लिए पर्याप्त समय मिला था, लेकिन किसी ने यह नहीं कहा कि उन्हें मतदान से रोका गया।

गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत की। चर्चा शुरू होने से पहले स्पीकर ओम बिड़ला ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खबर संक्षेप

#### सत्या नडेला की पीएम मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला ने मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के क्षेत्र में भारत की क्षमता को मजबूत करने के लिए कंपनी का अब तक का एशिया में सबसे बड़ा निवेश 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए) करने की घोषणा की। नडेला ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के बाद कहा कि भारत एआई क्रांति के अग्रणी देशों में से एक बनने की क्षमता रखता है, और माइक्रोसॉफ्ट इस बदलाव का प्रमुख साझेदार बनेगा।

**भारत के एआई भविष्य को लेकर प्रेरणादायक बातचीत- नडेला:** सत्या नडेला ने निवेश की घोषणा करते हुए कहा, "धन्यवाद पीएम नरेंद्र मोदीजी, भारत की एआई संभावनाओं पर बेहद प्रेरणादायक बातचीत के लिए। भारत की आकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अपना सबसे बड़ा निवेश, 17.5 अरब डॉलर का कर रहा है। यह निवेश देश में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किल्स और सॉवरेन एआई क्षमताओं को विकसित करने में मदद करेगा।" उन्होंने जैसे ही ये पोस्ट एक्स पर साझा किया कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया में ट्रेंड करने लगा।

माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख नडेला ने यह भी कहा कि भविष्य में भारत "एआई-फर्स्ट इकॉनमी" बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा और माइक्रोसॉफ्ट देश में स्थानीय प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरू करेगा।

**दुनिया भारत की एआई क्षमता को लेकर आशावादी है: प्रधानमंत्री मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्या नडेला से मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "जहाँ तक एआई की बात है, दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। सत्या नडेला के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मुख्यमंत्री नायब सैनी से ब्रिटिश दूतावास की डिप्टी हाई कमिश्नर ने की मुलाकात

» *ब्रिटेन के शीर्ष विश्वविद्यालयों द्वारा हरियाणा में कैंपस खोलने को लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चा*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंगलवार को उनके निवास स्थान पर ब्रिटिश दूतावास की डिप्टी हाई कमीश्नर अलबा स्मेरिग्लियो ने भेंट की। इस दौरान ब्रिटेन के शीर्ष विश्वविद्यालयों द्वारा हरियाणा में कैंपस खोलने पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इससे प्रदेश के युवाओं के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा, उच्च कौशल और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। इस यात्रा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हरियाणा सरकार इस लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस हरियाणा में स्थापित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों का हरियाणा में आना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक पहचान को एक नई दिशा ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीएम सैनी भी रहेंगे मौजूद

## हरियाणा के विधायक आज देखेंगे लोकसभा की कार्यवाही

» *विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने दी जानकारी*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के नेतृत्व में आज बुधवार को हरियाणा के विधायक लोकसभा की कार्यवाही देखेंगे। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत बड़ी संख्या में मंत्री भी शामिल रहेंगे। विधायकों के दौरे से पहले मंगलवार को हरियाणा विधान सभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने नई दिल्ली पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान वे लोक सभा भी गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने बताया कि विधायक संसद की कार्यवाही देखने के साथ-साथ नए-पुराने संसद भवन का भी अवलोकन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरे को लेकर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अनेक मंत्रियों व विधायकों से बातचीत की है। उन्होंने इस दौरे को लेकर उत्साह दिखाया है। उम्मीद है कि इस दौरे में हरियाणा विधान सभा के ज्यादातर जन प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें से कुछ विधायक मंगलवार को ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस दौरे से संसदीय ▶▶ शेष पेज 5 पर





अब भारत के चावल पर ट्रंप की टेढ़ी नजर, दी भारी टैरिफ लगाने की धमकी बोले अमेरिकी राष्ट्रपति

## भारत सस्ते दाम पर 'डंप' कर रहा है अपना चावल, जिसकी हम बिल्कुल इजाजत नहीं देंगे

### भारतीय व्यापारी बोले, चावल पर टैरिफ लगाने से भारत का नहीं बल्कि अमेरिका का होगा नुकसान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आज (10 से 11 दिसंबर तक) से एक बार फिर से बातचीत का दौर शुरू होने वाला है। लेकिन उससे ठीक पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की देश के कृषि उत्पादों खासकर चावल पर नजरें तिरछी हो गई हैं और उन्होंने इस पर भारी टैरिफ लगाने की चेतावनी दे दी है।

व्हाइट हाउस में बीते सोमवार को हुई एक बैठक में उन्होंने कहा कि मेरा यह कदम भारत द्वारा सस्ते दामों पर अपना चावल अमेरिका में बेचने यानी डंप ▶▶ शेष पेज 5 पर



### मामले पर मिली किसानों की ढेरों शिकायतें

अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस मामले को लेकर देश के किसानों से कई शिकायतें मिल रही थीं। जिसमें उनका कहना था कि भारत, थाईलैंड और वियतनाम द्वारा अपना चावल अमेरिका में सस्ते दामों पर बेचा जा रहा है। जिससे उनके बाजार में दाम टूट रहे हैं और भारी नुकसान भी उठाना पड़ रहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### किसानों का अहित नहीं होगा: पीएम मोदी

गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच बीटीए पर जारी बातचीत अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। अमेरिका बड़े पैमाने पर अपने कृषि और डेयरी उत्पादों को भारत में बेचने का इच्छुक है। जिसे लेकर भारत कतई तैयार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह साफ कर चुके हैं कि भारत किसी भी सूरत में अपने किसानों और छोटे व मझौले उद्योगों (एमएसएमई) के हितों पर आंच नहीं आने देगा। जहां तक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूं नुकसान में रहेगा अमेरिका

भारत के व्यापारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चावल निर्यात पर टैरिफ लगाने के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें चेताया है कि इससे उन पर नहीं बल्कि अमेरिका पर ही नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय चावल निर्यातक संघ के उपाध्यक्ष देव गर्ग ने कहा कि अमेरिका के बाजारों में किया जाने वाला भारत का तमाम निर्यात मांग पर आधारित है। हमारे निर्यात में बढ़ोतरी देखने को मिली ▶▶ शेष पेज 5 पर

## फैक्ट्री मालिक को मौके से किया गिरफ्तार

# मशहूर ब्रांड्स के नकली ऑयल फिल्टर बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने मशहूर ब्रांड्स के नकली ऑयल फिल्टर बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बॉश, टाटा और जेसीबी ब्रांड के 1917 ऑयल फिल्टर के साथ टाटा के पांच डाई, जेसीबी के चार डाई, एक डाई प्रिंटिंग मशीन, स्टिकर, होलोग्राम और जेसीबी ब्रांड के कार्ड बॉक्स जब्त किए हैं। इस सिलसिले में फैक्ट्री मालिक को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार फैक्ट्री मालिक मनमीत सिंह निवासी दिल्ली को मौके से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में धारा 63/65 कॉपीराइट एक्ट और 103/104 ट्रेडमार्क एक्ट के तहत क्राइम ब्रांच थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित बीएनएस की धारा 318(4)/336 (3) भी जोड़ी गई। पुलिस के अनुसार 4 दिसंबर को एसआई इमरान खान को एक टिप मिली थी कि आनंद पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया में टाटा मोटर्स, बॉश लिमिटेड और अन्य कंपनियों के डुप्लीकेट ऑटो पार्ट्स बनाने वाली एक फैक्ट्री चल रही है। पुलिस ने टाटा मोटर्स, बॉश लिमिटेड और जेसीबी इंडिया कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर आनंद पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री पर छापा मारा। फैक्ट्री मालिक मनमीत सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। फैक्ट्री से कुल 1917 नकली ऑयल फिल्टर आदि सामान जब्त किया गया।

### बेरोजगारी और नशे की लत ने एमबीए डिग्री धारक को बनाया झपटमार, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका से झपटमारी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से चोरी के सात मोबाइल फोन और एक स्कूटर जब्त किया गया। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी कि पालम निवासी आरोपी प्रदीप कुमार मलिक उर्फ राहुल ने एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है, लेकिन वह वर्तमान में बेरोजगार और नशे का आदी है। 20 नवंबर को डीडीए पार्क में रेलवे लाइन के पास जाल बिछाकर इस झपटमार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, द्वारका दक्षिण इलाके में स्कूटर सवार एक अपराधी द्वारा झपटमारी की कई घटनाएं सामने आई थी। पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया और अपराधी का पता लगाने के लिए स्थानीय मुखबिरों की मदद ली। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रेलवे लाइन के पास एक संदिग्ध को रोका। रुकने का इशारा करने पर संदिग्ध ने कथित तौर पर भागने की कोशिश की लेकिन कुछ देर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया गया।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान मलिक ने बताया कि उसने डाबरी इलाके से एक स्कूटर की चोरी की थी और छीने गए मोबाइल फोन उसकी डिक्की में छिपा दिए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर चोरी के स्कूटर के अलावा द्वारका दक्षिण और पालम गांव में हुई झपटमारी की घटनाओं से जुड़े पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, मलिक के पास से मिले दो अन्य फोन का अभी तक दर्ज मामलों से कोई संबंध नहीं है।

# कई शहरों में धमकी भरे ईमेल भेजने वाला शख्स अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने राष्ट्रीय राजधानी, बेंगलुरु और राजस्थान के कुछ हिस्सों में पुलिस को कथित तौर पर धमकी भरे ईमेल भेजने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। अभय नाम के आरोपी ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से संबंध होने का झूठा दावा करते हुए ईमेल भेजे और जांचकर्ताओं को गुमराह

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी अभय का मोहित नामक युवक से एक महिला मित्र को लेकर ऑनलाइन झगड़ा शुरू हुआ था। आरोपी मोहित को परेशान करके, गुमनाम रूप से उसे बदनाम करके, झूठी, मनगढ़ंत और गलत शिकायतों के जरिए उसके खिलाफ पुलिस को शामिल करके उसे सबक सिखाना चाहता था। इसलिए उसने मोहित के नाम पर कई फर्जी वेबसाइट बनाई और उसके मोबाइल नंबर का भी इस्तेमाल किया।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार सात दिसंबर को दिल्ली पुलिस कमिश्नर के आधिकारिक ईमेल पर एक धमकी भरा मेल आया था। मेल ने कई थानों और मॉल को उड़ाने की धमकी दी गई थी। ईमेल में उसने एक मोबाइल नंबर देकर पैसे भी मांगे थे। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। ईमेल मोहित नाम के एक व्यक्ति की आईडी से भेजा गया था और उसमें मोबाइल नंबर भी था। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर गुरुग्राम में रहने वाले मोहित तक पहुंची। पूछताछ में मोहित ने पुलिस को बताया कि पिछले कई दिनों से खुद उसे हैकिंग, स्पैम कॉल, फर्जी शिकायतों और धमकी भरे मेल आ रहे है। उसके नाम से ही कई नकली साइबर शिकायतें दर्ज की गई थीं, जिनमें रेप और मर्डर जैसे संगीन आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा डिलीवरी ऐप भी उसके नंबर से बिना उसकी मर्जी के अकाउंट बनाए गए है। मोहित ने पुलिस को आगे बताया कि उसे ये घटनाएं एक लड़की से हुई ऑनलाइन बातचीत के बाद शुरू हुई। कुछ ही दिनों बाद अभय नाम के एक युवक ने उसे धमकी देकर लड़की से दूर रहने को कहा था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अभय कुमार को पकड़ लिया। पूछताछ में अभय ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने पुलिस कमिश्नर को धमकी भरा मेल भेजा और बाद में अकाउंट डिलीट कर दिया था। जांच में पुलिस को पता चला कि अभय बीसीए का छात्र है। पढ़ाई के बाद उसने साकेत में नौकरी की और फिर वेब डेवलपर के तौर पर फ्रीलांसिंग शुरू की।

# कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने वाला 25 साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने रूप नगर थाने का हत्या का मामला आखिर 25 साल बाद सुलझा ही लिया। 2000 में अपराध करने के बाद से फरार आरोपी को बिहार के दरभंगा स्थित उसके गांव से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी वारदात के बाद कोलकाता, असम और बिहार में छिपा रहा। इसकी पहचान सतीश यादव (50) के तौर पर हुई हैं। इसने अपने सहकर्मी की हत्या खाने पीने के हिसाब को लेकर हुये झगड़े के बाद कर दी थी।

पुलिस के अनुसार सतीश यादव की गिरफ्तारी के साथ 25 साल पुराना हत्या का मामला सुलझाया गया है। अलग-अलग राज्यों में कई छापों के बाद आरोपी को आखिरकार बिहार के दरभंगा में ढूंढ निकाला गया और गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल 6 फरवरी साल 2000 को रूप नगर थाने में एक पीसीआर कॉल मिली। पीसीआर कॉल मिलने पर जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां साजन सिंह नामक शख्स एक बिस्तर पर खून से लथपथ मृत पाए गए। उनके गले पर पास ही एक कुल्हाड़ी पड़ी थी। अजय उर्फ सुनील (19) ने पुलिस को बताया कि वह चार पांच सालों से साजन और सतीश यादव के साथ रहकर मोल्डिंग मशीन पर काम कर रहा था। उसने बताया कि पिछले दिन साजन और सतीश के बीच खाने के खर्च के हिसाब को लेकर झगड़ा हुआ था। उस दौरान साजन ने सतीश को थप्पड़ मारा था, जिसके बाद सतीश ने बदला लेने की धमकी दी थी। अगली सुबह साजन मृत पाया गया और सतीश गायब था। इससे अजय को शक हुआ कि सतीश ने बदला लेने के लिए साजन की हत्या की है। धारा 302 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। सतीश फरार पाया गया। उसके पैतृक गांव में भी छापेमारी की गई लेकिन वह नहीं मिला। हाल ही में इंस्पेक्टर संजय कौशिक के नेतृत्व वाली एक टीम हत्या, डकैती जैसे अनसुलझे गंभीर मामलों के आरोपियों का पता लगाने के काम में जुटी थी। इस दौरान यह देखा गया कि रूप नगर थाने का एक 25 साल पुराना मामला अभी भी अनसुलझा है। आरोपी सतीश की तलाश में अलग-अलग राज्यों में कई छापे मारे गए। आखिर में आरोपी का पता उसके पैतृक गांव रामोली, जिला दरभंगा, बिहार में लगा। जानकारी इकट्ठा की गई, जिसमें आरोपी के परिवार के सदस्यों के मोबाइल नंबर भी शामिल थे। उन्हें सर्विलांस पर रखा गया था। आखिर में रेड डाली गई। उस दौरान गांव वाले इकट्ठा हो गए और हंगामा किया। आरोपी को मौके से भगाने की कोशिश भी की, लेकिन टीम ने समझदारी से स्थिति को संभाला और आरोपी को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। आरोपी शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं।

# युवक को चाकू मारने वाले दो नाबालिग सहित चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला में मोबाइल फोन छीनने का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मारने वाले दो नाबालिगों सहित चार लोगों को पकड़ लिया गया है। आर्यन (18) 30 नवंबर और एक दिसंबर की दरम्यानी रात स्वामी नारायण मार्ग पर गंभीर रूप से घायल मिला था। उसे दीप चंद बंधु अस्पताल और बाद में राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया जहां दो दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार शुरुआत में भारतीय न्याय सहिंता (बीएनएस) की धारा 118(1) (खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। आर्यन की मौत के बाद धारा 103(1) (हत्या) में केस बदला गया। अपराध का कोई प्रत्यक्षदर्शी न होने के कारण पुलिस ने क्षेत्र के 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिसमें चार संदिग्धों को शास्त्री नगर की ओर भागते हुए देखा गया था। जांच में पता चला कि उनमें से दो लोगों ने 30 नवंबर की रात को कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास से एक स्कूटर चुराया था और एक दिसंबर को शास्त्री नगर में एक झपटमारी की थी। आरोपियों में से एक रोशन (19) को चार दिसंबर को शास्त्री नगर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी किया स्कूटर बरामद हो गया। पूछताछ के दौरान उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर आर्यन को मोबाइल फोन छीनने की कोशिश करने और विरोध करने पर चाकू मारने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि वे मौके से भाग गए और बाद में उसी इलाके में चोरी तथा झपटमारी की। रोशन ने यह भी बताया कि उसने 400 रुपये में एक चाकू ऑनलाइन माध्यम से खरीदा था, जिसका इस्तेमाल अपराध में किया गया। हथियार बरामद कर लिया गया है। उसके खुलासे के आधार पर सह-आरोपी जीतू (19) और 14 व 15 साल के दो नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। चारों आरोपी स्कूली पढ़ाई बीच में ही छोड़ चुके है और नशे के आदी हैं।

### उधार के हजार रुपये मांगने पर युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में उधार के एक हजार रुपये मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। एक परिचित ने ही पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान दलीप के रूप में हुई है। गाजीपुर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आठ घंटे बाद आरोपी कलीम को पुरानी दिल्ली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार सोमवार रात 11 बजे सूचना मिली कि खोड़ा कालोनी के पास सड़क किनारे एक युवक खून से लथपथ पड़ा है। पुलिस युवक को एलबीएस अस्पताल ले गई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों पर पत्थर से वार के निशान थे। नारकोटिक्स टीम के इंचार्ज अरुण कुमार के नेतृत्व में एसआइ राहुल मोंगा व स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज जितेंद्र मलिक की टीम बनाई। 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये व मृतक की कॉल डिटेल्स की जांच की गई। जांच में पता चला कि मृतक को आखिरी बार कलीम के साथ देखा गया था। दोनों नोएडा में खराद मशीन पर काम करते थे। टेक्निकल सर्विलांस के जरिये पुलिस ने आरोपी को पुरानी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि कुछ माह पहले एक हजार रुपये दलीप से उधार लिए थे। वह उधार की रकम वापस मांग रहा था। उसके पास रुपये नहीं थे। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ जिसमें हत्या कर दी गई।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC/ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद पुत्र** राम प्रताप, **निवासी:** ए–458, गली नं0–15, अमन विहार, दिल्ली, ने **FIR No. 180/2022, U/S 379/411/34 IPC & 33/58 D.E. Act, पुलिस स्टेशन सराय रोहिल्ला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 180/2022, U/S 379/411/34 IPC & 33/58 D.E. Act, पुलिस स्टेशन सराय रोहिल्ला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विनोद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनुज कौशल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04 (केंद्रीय),
कमरा नं0–37, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16553/N/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश** निवासी ए–10, सेक्टर–10, आर.के. पुरम, नई दिल्ली ने सी.सी. सं. 6385/21 धारा 138 एन.आई एक्ट, थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.सी. सं. 6385/21 धारा 138 एन.आई एक्ट, थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **06.02.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः नंदिनी शर्मा,**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एन.आई. अधिनियम)
डिजिटल कोर्ट–09,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/16466/DW/2025


# पूर्व सीजेआई पर जूता फेंकने वाले वकील की कोर्ट में पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ हाथापाई का वीडियो वायरल

शाहदरा जिले में स्थित कड़कड़डूमा कोर्ट के अंदर एक वकील के साथ हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में वकील राकेश किशोर है जिनके साथ हाथापाई साफ देखी जा सकती है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में पूर्व सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंका था। राकेश किशोर मंगलवार को किसी काम के चलते कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में गए थे। इसी दौरान किसी ने उनके साथ हाथापाई की। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक घटना को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर पीड़ित शिकायत करते है तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि वायरल वीडियो में राकेश किशोर के साथ कोई हाथापाई कर रहा है। वीडियो में हाथापाई करने वाला व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा है। वीडियो 18-20 सेकंड का बताया जा रहा है। वीडियो में राकेश किशोर पीटने वाले शख्स से सवाल करते दिख रहे हैं, तू कौन है, मुझे क्यों मार रहा है। इसके बाद राकेश किशोर नारा लगाते दिख रहे हैं, सनातन धर्म की जय हो। हालांकि इस पूरे मामले को लेकर पुलिस में किसी तरह की शिकायत नहीं दी गई है। वहीं दूसरी तरफ यह भी साफ नहीं हो पाया है कि ये हमला राकेश किशोर पर क्यों और किसने किया है।

# आरके पुरम हिट एंड रन केस का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ हादसे में पांच महिलाएं हुई थी घायल, दो अभी भी आईसीयू में भर्ती

आरकेपुरम पुलिस ने हिट एंड रन मामले के आरोपी को 14 दिन की मेहनत के बाद गिरफ्तार कर लिया हैं। पकड़े गए आरोपी का नाम चाणक्य सांकला बताया गया है। हादसे में पांच महिलाएं घायल हुई थी, जिनमें दो अभी भी आईसीयू में हैं।

पुलिस के अनुसार 23नवंबर को 4:52 बजे भीकाजी कामा प्लेस, हनुमान मंदिर के सामने एक कार दुर्घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर रविंद्र त्यागी मौके पर टीम के साथ पहुंच गए। हादसे में पांच महिलाएं घायल हो गई थी। पुलिस पांचों को लेकर अस्पताल गई, जहां उनका उपचार किया गया। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। टीम ने घटनास्थल व इलाके में 10 किलोमीटर के अंदर लगे 600 से अधिक कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके बाद पुलिस आरोपी कार चालक तक पहुंच गई। उसकी निशानदेही पर कार भी जब्त कर ली गई है। कार ओखला स्थित सर्विस सेंटर से जब्त की गई है। उसके टायर और हेडलाइट दोनों क्षतिग्रस्त हो गये थे। हादसे काद लगभग 10 किमी तक उसने कार रिम पर चलाई थी। वह कार को रिम पर हादसे वाली जगह से घर तक ले गया। बाद में कार को वर्कशॉप भेजा था।

# डीटीसी ड्राइवर की गैर इरादतन हत्या केस में तीन आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अमन विहार में डीटीसी बस ड्राइवर की रोड रेज और गैर इरादतन हत्या के मामले में शामिल तीन और आरोपियों को क्राइम ब्रांच की आईएससी टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी राहुल को लोकल पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटों बाद पकड़ लिया था। केस में अब कुल चार आरोपी पकड़े जा चुके हैं। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 6 दिसंबर को एक डीटीसी बस ड्राइवर और एक अल्टो कार में सवार लोगों के बीच रोड रेज की झड़प हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप बस ड्राइवर की बेरहमी से पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अमन विहार थाने में सेक्शन 110/324(2)/3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया था। घटना के बाद मृतक के रिश्तेदारों ने डीटीसी स्टाफ के साथ मिलकर अगले दिन यूईआर-2 हाईवे को जाम कर दिया था। तीनों आरोपी हर्ष कुमार, रोहन और राजू घटना के बाद से फरार थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपनी जगह बदल रहे थे। तीनों को दिल्ली के कराला गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों मुंडका गांव के रहने वाले हैं।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक कुमार पुत्रः रविन्दर सिंह पताः मकान नं. एच–26, गली नं. 5, ब्रह्मपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 206/2021 U/s 188 IPC, थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 206/2021 U/s 188 IPC, थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.01.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रीती राजोरिया**
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
रूम नं. 32, केन्द्रीय
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16440/N/2025 (Court Matter)


# मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम सेटलमेंट के नाम पर ठगी करने वाले चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम सेटलमेंट के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम देवेंद्र कुमार, सिमरन, मनप्रीत कौर और अरुण कुमार बताये गये हैं। आरोपियों के पास से चार मोबाइल, कॉलिंग डिवाइस और डेबिट कार्ड बरामद किए गये।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार पीड़ित केपी तोमर ने साइबर थाना पुलिस को अपने साथ हुई ठगी की शिकायत दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि 2024 में एडलवाइस से उन्होंने चार हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी थी, लेकिन बाद में कैंसर का पता चलने के चलते वह प्रीमियम पेमेंट जारी नहीं रख सके। वहीं तीन रिफंड इंश्योरेंस ओम्बड्समैन व आईआरडीएआई जरिए प्रोसेस किए गए। उसके बाद एक पॉलिसी रिफंड (दो इंस्टॉलमेंट के साथ) पेंडिंग रह गया था। गत पांच जुलाई को उन्हें इंश्योरेंस ओम्बड्समैन ऑफिसर बनकर कुछ लोगों के फोन किया। इन लोगों ने रिफंड फाइल तैयार करने के बहाने बैंक अकाउंट में 83,000 और दूसरे में 47,000 जमा करने के लिए कहा। पीड़ित ने पैसा जमा कर दिया। उसके बाद वह फाइनल क्लियरेंस के लिए एक नकली 12,00,000 का आईबीआई बॉन्ड बनाने के लिए कहने लगे। जिस पर पीड़ित को ठगी होने का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक, एसआई अमित कुमार और हेड कांस्टेबल संजय की टीम द्वारा टेक्निकल सर्विलांस और मनी ट्रेल मैपिंग की गई। इसके बाद टीम ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि देवेंद्र एक बीमा-संबंधित कंपनी में काम करता था और धोखाधड़ी के लाभ के लिए ग्राहक डेटा का दुरुपयोग करता था। इस डेटा के जरिए आरोपी ऐसे लोगों को निशाना बनाते थे जो रिफंड या प्रीमियम सेटलमेंट चाहते है।


### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई–नीलामी–सह–आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई–नीलामी 20 दिसम्बर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई–नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962007584 | सतपाल ना |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट – गुलाटी मार्केट | |
| 139862002368 | गुरमीत गुरमीत |
| शाखा का नाम : अम्बाला – निकलसन रोड | |
| 635262602543 | विजय कुमार |
| शाखा का नाम : बरवाला, हरियाणा | |
| 359062002374 | गंजीत गंजीत |
| शाखा का नाम : बावल | |
| 349862000662 | तेज सिंह |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072957000277 | पंकज |
| शाखा का नाम : भूना | |
| 383262001882 | मुकेश मुकेश |
| 383262002296 | साहिल शर्मा |
| शाखा का नाम : बीथल | |
| 373562000273 | कमलेश कमलेश |
| शाखा का नाम : डाण्ड | |
| 378662000608 | प्रभजीत सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – चार्मवुड | |
| 184257000019 | पवन कुमार लाल देव |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद –सेक्टर–35 | |
| 085757000043 | नितीश कुमार |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062757000131 | संदीप पन्नु |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | |
| 732562000299 | विजय कुमार मिश्री |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–23ए | |
| 091057000092 | राकेश कुमार जायसवाल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–67 | |
| 489457000005 | प्रीतपाल कौर सोढी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–86 | |
| 489557000009 | ओमप्रकाश शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085862002679 | नकुल बोकेन |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – रत्तन गार्डन | |
| 106962003244 | मुकेश कुमार |
| 106962003243 | मुकेश कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–93 | |
| 589105000013 | निशु |
| शाखा का नाम : हांसी | |
| 184462002875 | संजय संजय |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359662002332 | जरनैल सिंह |
| 359662002785 | मंजीत कुमार |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378857000103 | प्रेम सिंह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 378862001506 | आशा आशा |
| 378862001368 | आशा आशा |
| शाखा का नाम : कालका | |
| 086262002634 | प्रमोद चंद एम गोपाल शर्मा |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562001559 | संजय |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562001031 | सतबीर सिंह |
| 219562001343 | श्री हरेन्द्र |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862005360 | मिठु राम |
| शाखा का नाम : मानेसर – सैक्टर–8 | |
| 721662000302 | विक्रम सिंह |
| 721657000043 | रामनिवास रामनिवास |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062003298 | श्री लोकेश |
| शाखा का नाम : नारनौंद | |
| 381862001376 | साहिल साहिल |
| शाखा का नाम : नरवाना, हरियाणा | |
| 358957000090 | कुलदीप कुमार |
| शाखा का नाम : पानीपत सैक्टर–13 | |
| 372657000015 | तरूण |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262003174 | उषा उषा |
| शाखा का नाम : यमुनानगर – बाईपास चौक | |
| 254357000054 | राजन राजन |
| शाखा का नाम : दिल्ली – प्रीत विहार | |
| 003757000383 | अंकुश राय |

दिनांक : 10.12.2025
स्थान : अम्बाला, भिवानी, गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, पानीपत, झज्जर, फतेहाबाद, यमुनानगर, कैथल

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सीएम बोलीः पिछली सरकार की लापरवाही से हजारों फ्लैट हो गए जर्जर

# भलस्वा ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में सभी सुविधाएं मुहैया कर गरीबों को दिए जाएंगे : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भलस्वा क्षेत्र में बने ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में सभी सुविधाएं मुहैया कराकर दिल्ली सरकार ने इन्हें गरीबों को प्रदान करेगी। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इन फ्लैटों को निरीक्षण करने के दौरान कही। भलस्वा स्थित इन फ्लैटों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ मंत्री आशीष सूद एवं विधायक दीपक चौधरी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। वर्ष 2016 में तैयार लेकिन वर्षों से खाली पड़े इन फ्लैटों की हालत को देखकर मुख्यमंत्री ने गहरी नाराजगी जताई और इसे दिल्ली के गरीब परिवारों के साथ सबसे बड़ा अन्याय बताया। मुख्यमंत्री ने लाखों झुग्गीवासी परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पिछली सरकारों पर तीखा हमला किया और कहा कि हमारी सरकार लगातार झुग्गीवासियों को उनके हक का पक्का घर और हर मूलभूत सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से आज इन फ्लैटों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन फ्लैटों को जल्द से जल्द तैयार किया जाए, ताकि इन्हें झुग्गीवासियो को आवंटित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने वहां एक मॉडल रिहायशी परिसर भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### 2016 में बने 7 हजार 400 फ्लैटों की हालत हो गई खंडहर जैसी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार उन लाखों गरीब परिवारों के बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जो आज भी झुग्गियों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने भलस्वा परिसर में बने 7 हजार 400 फ्लैटों के बारे में उल्लेख करते हुए बताया कि ये फ्लैट वर्ष 2016 में बनकर तैयार हुए थे और अब इनकी हालत खंडहर जैसी हो गई। पिछली सरकार ने इन मकानों को किसी भी गरीब परिवार को आवंटित नहीं किया। यह दिल्ली की जनता के साथ कितना बड़ा धोखा है। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि यदि उस समय ये फ्लैट गरीबों को आवंटित कर दिए गए होते, तो आज वे परिवार अपने घरों में सुख और सम्मान के साथ रह रहे होते। वर्षों तक खाली पड़े रहने के कारण ये मकान जर्जर हो गए और इनमें रखा सामान गायब हो गया है।

### आधुनिक रिहायशी परिसर के रूप में विकसित किए जाएंगे भलस्वा के फ्लैट

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली सरकार ने झुग्गी बस्तियों के पुनर्वास के लिए एक नया, आधुनिक और सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल के तहत भलस्वा के फ्लैट्स को पूरी तरह दुरुस्त कर सम्पूर्ण सुविधाओं वाली आधुनिक रिहायशी परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यहां ई-रिक्शों के लिए चार्जिंग स्टेशन, कारोबार के लिए सुरक्षित स्थान, पार्किंग स्थल, स्वास्थ्य सेवाएं, पार्क आंगनवाड़ी आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम ऐसा मॉडल बना रहे हैं, जो दिल्ली के लाखों गरीब परिवारों के लिए केवल सपना था। अब यही सपना हमारी सरकार के कार्यकाल में साकार होगा।

### इन फ्लैटों को प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाएगा : सूद

इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने बताया कि अब दिल्ली सरकार ने इन फ्लैटों को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्विकसित कर रहने योग्य, सुरक्षित और सम्मानजनक आवास के रूप में तैयार करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि दिल्ली के प्रत्येक झुग्गीवासी को बेहतर जीवन, सुरक्षित आवास और सम्मानजनक माहौल उपलब्ध कराना। दिल्ली सरकार इन ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को पूरी तरह रहने योग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एनओसी की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाए फायर विभाग : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



■ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फायर विभाग की बुलाई समीक्षा बैठक, अधिकारियों को जारी किए सख्त निर्देश

आग से सुरक्षा से संबंधित एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) जारी करने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सुगम बनाया जाए ताकि होटल, रेस्तरां, नाइट क्लब, मल्टीप्लेक्स और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों आदि को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। यह निर्देश मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के अधिकारियों को एक बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा कि एनओसी प्रणाली का उद्देश्य व्यापारियों को हतोत्साहित करना नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फायर विभाग को सभी प्रकार के आधुनिक उपकरणों आदि से सज्जित किया जा रहा है। विभाग के पास किसी भी प्रकार के संसाधन की जरूरत है तो सरकार को सूचित करें। सरकार उसे उपलब्ध कराएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में अग्निशमन विभाग के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा, फायर सर्विस विभाग और विधि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यदि किसी नियम के कारण वास्तविक आवेदकों को कठिनाई हो रही है, तो उसे तुरंत सरकार के संज्ञान में लाया जाए ताकि सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनओसी जारी करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अस्पष्टता या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। लाइसेंस देने की प्रणाली में साफ, सरल और समयबद्ध व्यवस्था होनी चाहिए ताकि व्यापारियों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली की अग्निशमन व्यवस्था आधुनिक, दक्ष और नागरिकों का विश्वास जीतने वाली बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए लगातार नीतिगत सुधार कर रही है। सरकार की नीति है कि कारोबार शुरू करने और चलाने की प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हों। उन्होंने कहा कि फायर एनओसी जैसे लाइसेंस भी इसी विजन का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य व्यापारियों को परेशान करना नहीं बल्कि सुरक्षित तरीके से व्यवसाय की अनुमति देना है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार की इस नीति के अनुरूप सभी विभागीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में लगातार सुधार कर रही है, ताकि राजधानी में उद्योग, होटल और सेवा क्षेत्र को अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं का सामना न करना पड़े।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने गोवा में नाइट क्लब में लगी आग की घटना का उल्लेख करते हुए गहरी चिंता व्यक्त की, जिसमें 25 लोगों की मृत्यु हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं चेतावनी हैं कि दिल्ली को हर समय सतर्क रहना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बड़े आयोजनों, होटल, रेस्टोरेंट और क्लबों में सुरक्षा मानकों की नियमित जांच बेहद आवश्यक है, ताकि ऐसे हादसों को पहले ही रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं हैं या मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि फायर सेफ्टी केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी प्रतिष्ठान मालिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे अपने परिसर में आग से सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करें।

# महापौर राजा इकबाल ने बैकहो लोडर और सुपर सकर मशीनों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने मंगलवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में 17 बैकहो लोडर और 02 सुपर सकर मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कदम शहर की स्वच्छता अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रत्येक सुपर सकर सेट में 1 मुख्य यूनिट, 2 डंप टैंक और 1 पानी की टंकी शामिल है। इस अवसर पर राजा इकबाल ने कहा कि इन मशीनों से कचरा प्रबंधन कार्यों में तेजी आएगी और दिल्ली में स्वच्छता और सुदृढ़ होगी। भारत सरकार, दिल्ली सरकार और एमसीडी मिलकर राजधानी को विश्व-स्तरीय शहर बनाने के साझा लक्ष्य के साथ नागरिकों को सर्वोत्तम नागरिक सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में एमसीडी शहरभर में स्वच्छता व्यवस्था को लगातार मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज समर्पित किए गए 17 बैकहो लोडर और 02 सुपर सकर मशीन स्वच्छता कार्यों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करेंगी। इन नई मशीनों के साथ एमसीडी के बैकहो लोडर बेड़े की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इन सभी मशीनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए इन्हें व्यापक संचालन एवं रखरखाव के अंतर्गत चलाया जाएगा। सभी इकाइयां स्वच्छता पूंजी मद के तहत खरीदी गई हैं। इसके उपयोग से कचरा प्रबंधन कार्य तेज होकर दिल्ली भर में स्वच्छता में सुधार आएगा। इन नई मशीनों की तैनाती से जहाँ एक ओर नालों की सफाई, कचरा उठान और डंपिंग कार्यों में तेजी आएगी, वहीं दूसरी ओर मैनुअल श्रम पर निर्भरता भी कम होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से लैस ये मशीनें कठिन इलाकों में भी प्रभावी तरीके से काम कर सकेंगी और इससे न सिर्फ सफाई प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि नागरिकों को समयबद्ध सेवाएँ भी मिलेंगी। इस अवसर पर महापौर के अलावा उपमहापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, डीईएमएस समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, आयुक्त अश्विनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



## टेंडरिंग में सुधार के लिए डीडीए ने अपनाई स्विस चैलेंज मेथड तकनीक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने टेंडर प्रक्रिया में सुधार के लिए नई तकनीक अपनाने जा रही है। डीडीए के इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंजूरी दे दी है। जाहिर अब जल्द ही डीडीए के टेंडर सिस्टम में परिवर्तन नजर आएगा। इस बारे में लोक निवास सचिवालय की तरफ से बताया गया कि यह पहली बार है कि एक और दूरगामी सुधार उपाय के तहत डीडीए सिंगल बिड (टेंडर) से होने वाली दिक्कतों से बचने के लिए नई स्विस चैलेंज मेथड तकनीक का इस्तेमाल करेगा। सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार डीडीए एलजी ने उस फैसले को मंजूरी दे दी है जिससे यह पक्का होगा कि प्राधिकरण को हमेशा उसके द्वारा तय रिजर्व प्राइस से ज़्यादा रकम मिले। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पहली बार डीडीए टेंडरिंग के दौरान आने वाली तमाम चुनौतियों से बचने के लिए बिडिंग के स्विस चैलेंज मेथड को अपनाने जा रही है। टेंडरके समय आम तौर पर सरकारी निकायों, एजेंसियों को करना पड़ता है। जिसमें एक ही बिड आने पर टेंडर कई बार कैंसिल हो जाता है, जिससे बहुत ज्यादा देरी होती है और लागत बढ़ जाती है। ऐसे में कई मामलों में तो यह सफल ही नहीं हो पाता। इन परेशानियों से बचने के लिए एलजी सक्सेना द्वारा हाल ही में मंजूर किया गया यह टेंडरिंग का तरीका न केवल सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले के टेंडर को जल्द से जल्द सफल बनाएगा। इसके साथ ही यह भी पक्का करेगा कि डीडीए को किसी भी हालत में, बिक्री या लाइसेंस फीस के ज़रिए बेची जाने वाली प्रॉपर्टी के लिए रिजर्व प्राइस से ज़्यादा रकम मिले।

# आप नेताओं ने एक्स पर वीडियो साझा कर मुख्यमंत्री पर किया कटाक्ष

■ आप विधायक संजीव झा थर्मामीटर से एक्यूआई नाप रहे हैं और सौरभ भारद्वाज थर्मामीटर से एक्यूआई मापने पर जता रहे आश्चर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज और विधायक संजीव झा ने सीएम रेखा गुप्ता द्वारा एक्यूआई को टेम्परेचर बताने वाले बयान पर मंगलवार को एक और वीडियो 'एक्स' पर साझा कर कटाक्ष किया। वीडियो में विधायक संजीव झा एक मकान की छत पर खड़े होकर थर्मामीटर से एक्यूआई नाप रहे हैं और सौरभ भारद्वाज एक्यूआई मीटर की जगह थर्मामीटर से एक्यूआई मापने पर आश्चर्य जता रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता ने कहा था कि एक्यूआई और टेम्परेचर एक ही है। लिहाजा, अब दिल्लीवाले थर्मामीटर से पॉल्यूशन (एक्यूआई) नाप रहे हैं। एक्स पर साझा की गई वीडियो की शुरुआत में मास्क पहने संजीव झा थर्मामीटर से एक्यूआई नाप रहे हैं, तभी सौरभ भारद्वाज वहां पहुंचते हैं और संजीव झा से पूछते हैं कि वह थर्मामीटर से क्या कर रहे हैं? इस पर संजीव झा ने जवाब दिया कि वह इससे एक्यूआई नाप रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि थर्मामीटर से तो बुखार का तापमान नापते हैं। आपको किसने बता दिया कि थर्मामीटर से एक्यूआई नापते हैं? मुंह पर लगे मास्क को हटाते हुए संजीव झा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया है कि एक्यूआई टेंपरेचर है। टेंपरेचर को थर्मामीटर से नापते हैं। इसलिए मैं एक्यूआई को थर्मामीटर से नाप रहा हूं। सौरभ भारद्वाज ने विरोध करते हुए कहा कि एक्यूआई नापने के लिए तो एक्यूआई मीटर की जरूरत होती है। इस पर संजीव झा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने एक टीवी चैनल पर कहा था कि तापमान और एक्यूआई एक ही बात है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि एक्यूआई और टेम्परेचर दोनों बराबर हैं। इसलिए मैं थर्मामीटर से एक्यूआई नाप रहा था। इसके बाद सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जैसे बच्चे का बुखार कम करने के लिए ठंडे पानी की पट्टी करते हैं, वैसे ही थर्मामीटर को पानी में डुबोकर टेम्परेचर को कम कर दो। उन्होंने थर्मामीटर को पानी से भरे गिलास में डाला और दिखाते हुए कहा कि टेम्परेचर अब कम हो गया है। ऐसा करने से दिल्ली का प्रदूषण खत्म हो जाएगा।

## केजरीवाल द्वारा विगत वर्षों में की गई भयंकर त्रुटियों पर जवाब दें आप नेताः प्रदेश भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज एवं संजीव झा को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा भूलवश एक्यूआई लेवल को टैमप्रेचर कह देने का मजाक बनाते हुए देख दिल्ली वाले स्तब्ध हैं और समझ रहे हैं कि यह मात्र वर्तमान सरकार द्वारा प्रदूषण पर काबू पाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को नाकारने की कोशिश है। प्रदेश भाजपा ने कहा कि दिल्ली वाले इन आप नेताओं से पूछना चाहते हैं कि वह एक त्रुटि के लिए मुख्यमंत्री पर हास्य व्यंग्य कर रहे हैं तो एक बार खुद अरविंद केजरीवाल द्वारा विगत वर्षो में की गई भयंकर त्रुटियों पर जवाब दे। प्रदेश भाजपा ने कहा कि दिल्ली भाजपा के सोशल मीडिया विभाग ने एक वीडियो जारी कर खुद अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते की गईं 9 त्रुटियों पर आप नेताओं से स्पष्टीकरण मांगा है। दिल्ली भाजपा ने कहा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने रामलीला मैदान से कहा था कि दिल्ली को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाना है। वहीं प्रदेश भाजपा ने पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि 2022 में जब देश स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहा था तब उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि आज स्वतंत्रता का 70वां वर्ष है। फिर 15 अगस्त के मंच से भाषण देते हुए कहा था कि आज देश स्वतंत्रता के 175 वर्षगांठ मना रहा है। इसके बाद फिर 15 अगस्त के अगले ही दिन प्रेस स्टेटमेंट में कहा कि कल मैंने 26 जनवरी का भाषण दिया। इसके बाद एक अन्य भाषण में केजरीवाल ने कहा कि लोग हमारे वर्ल्ड क्लास स्कूलों में इलाज कराते हैं। फिर एक अन्य भाषण में कहा कि हम बैल से दूध निकालते हैं। फिर एक भाषण में बिना चली बुलेट ट्रेन का किराया 75 हजार रुपए बता डाला। फिर एक दिन आजतक चैनल के मंच से कह दिया कि हमारे स्कूलों में आप्रेशन बहुत अच्छे होते हैं।फिर एक अन्य भाषण में केजरीवाल ने कहा कि हमारे अस्पतालों में पढ़ाई बहुत अच्छी होती है।

## वायु प्रदूषण अब भी बहुत खराब श्रेणी में हो रहा दर्ज, फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं

**नई दिल्ली।** राजधानी वाले लंबे समय से वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेल रहे है। हालात यह है कि अब भी प्रदूषण का लेवल बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हा रहा है। जबकि इस परेशानी से फिलहाल कोई राहत मिलती भी नजर नहीं आ रही है। ऐसे में मंगलवार को सुबह 8 बजे दिल्ली में औसत वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में 292 दर्ज किया गया। इसको लेकर सीपीसीबी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार सुबह 8 बजे एक्यूआई 292 रहा। इसके अलावा आईटीओ में 294, अलीपुर में 282, आया नगर में 253 और बुराड़ी में 291 था। वहीं कुछ इलाकों में एक्यूआई 300 पार दर्ज हुआ जिनमें अक्षरधाम में 319, अशोक विहार में 305, बवाना में 342,आनंद विहार में 319, चांदनी चौक में 333 और द्वारका में 314 मुख्य रूप से शामिल रहे। जबकि धुंध की वजह से सुबह के समय इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर स्मॉग की चादर देखी गई। जिसके चलते दृश्यता कम हो गई है। वहीं दूसरी और प्रदूषण से लोगों को कई प्रकार की स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां भी झेलनी पड़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि अगर बेहद आवश्यक हो तभी घर से बाहर निकले। लेकिन बिना मास्क के कहीं भी आना जाना नहीं किया जाना चाहिए। जिन्हें सांस की गंभीर अवस्था वाली बीमारी है उन्हें फिलहाल घर से बाहर निकलने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए।

## दिल्ली में आगामी करीब एक पखवाड़े मौसम रहेगा सूखा, शीतलहर की संभावना नहीं के बराबर

**नई दिल्ली।** दिसंबर महीने के बाद भी दिल्ली से कड़ाके की सर्दी दूरी बनाए हुए है। हालात यह है कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान गत लगातार चार दिनों से बढ़ रहा है, यानी सर्दी उड़न छु हो रही है। मंगलवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से महज 0.4 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से के 0.7 डिग्री सेल्सियस ही कम है। इस बारे में निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि आने वाले करीब 14-15 दिन अभी दिल्ली में कड़ाके की सर्दी की कोई दूर दूर तक संभावना नजर नहीं आ रही। अभी तक घना कोहरा भी कहीं नहीं है, दृश्यता में कमी का मुख्य कारण केवल वायु प्रदूषण है। कंपनी का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस बेहद कमजोर है इसलिए शीत लहर की संभावना नहीं है। संभव है कि दिल्ली में अभी अगले 10 दिनों में सुबह हल्की ठंड के बाद पूरा दिन सुहावना मौसम रहने की उम्मीद की जा सकती है। कंपनी ने बताया कि सर्दी के इस सीजन में दिल्ली में अब तक ठंड हल्की बनी हुई है। दिसंबर में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम जरूर रहा है, लेकिन बहुत मामूली अंतर के साथ। पिछले चार दिनों से न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मंगलवार सुबह बेस स्टेशन सफदरजंग का न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो 1 से 9 दिसंबर के बीच इस महीने का सबसे अधिक है।

## नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में जल्द बढ़ेंगी सुविधाएं : राजकरण खत्री



**नई दिल्ली।** दिल्ली के नरेला क्षेत्र में स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल की सीमित होती सेवाओं व सुविधाओं को जल्द ही बेहतर बनाया जाएगा। मंगलवार को आयोजित रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की बैठक के बाद क्षेत्रीय विधायक एवं रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष राजकरण खत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल की परिस्थितियों को बदलने के लिए मिशन मोड में काम किया जाएगा। विधायक खत्री ने बताया कि हाल ही में गठित रोगी कल्याण समिति में प्रशासन से इतर 12 नए सदस्य शामिल किए गए हैं। यह सदस्य अस्पताल की जरूरतों की समीक्षा करेंगे, समस्याओं की पहचान करेंगे और समाधान सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नरेला ही नहीं, बल्कि हरियाणा व आसपास के दर्जनों गांवों के मरीज इलाज के लिए इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। ऐसे में यहां संसाधनों की कमी सीधे ग्रामीण आबादी की सेहत पर असर डालती है। विधायक खत्री ने कहा कि अस्पताल में जो भी समस्याएं हैं, चाहे स्टाफ की कमी, मशीनों की दिक्कतें, दवाओं की उपलब्धता या आधारभूत ढांचा, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाएगा।

## 12 मंजिला होगा डीटीसी का मॉडर्न हेडक्वार्टर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की बढ़ती ट्रांसपोर्ट ज़रूरतों को पूरा करने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के मुख्यालय को मॉडर्न बनाने की तैयारी है। डीटीसी के मॉडर्न हेडक्वार्टर को लगभग 207 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा जो पुरानी इमारत की जगह लेगा। मंगलवार को इसके लिए डीटीसी और दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (डीएसआईआईडीसी) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ डीटीसी और डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। लगभग 207 करोड़ रुपए की लागत वाली यह परियोजना कुल 26015.78 वर्ग मीटर क्षेत्र (2.6 हेक्टेयर क्षेत्र) में बनेगा, जिसका मकसद मौजूदा डीटीसी ऑफिस के पुराने स्वरूप को बदलकर एक नए अत्याधुनिक और सुरक्षित भवन का निर्माण करना है, क्योंकि डीटीसी की वर्तमान इमारत स्ट्रक्चर के हिसाब से बेहद पुराना हो चुका है और दिल्ली परिवहन निगम के बढ़ते नेटवर्क और ऑपरेशनल जरूरतों को पूरा करने के लिए इसे फिर से बनाना बेहद जरूरी है। इस परियोजना में 26015.78 वर्ग मीटर का क्षेत्र शामिल है, जिसमें 12234.54 वर्ग मीटर ऑपरेशनल क्षेत्र और 6158 वर्ग मीटर के क्षेत्र में डीटीसी का हेडक्वार्टर विकसित किया जाएगा

## पीडब्ल्यूडी मंत्री ने इस 10 किलोमीटर लंबी ड्रेन के पुनर्विकास का किया शिलान्यास

# कराला–कंझावला रोड पर पीडब्ल्यूडी के ड्रेन का 21 करोड़ से होगा पुनर्विकास : प्रवेश वर्मा

**जलभराव से राहत दिलाने के लिए जैन नगर से कंझावला तक जल निकासी प्रणाली का कायाकल्प शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कराला–कंझावला रोड पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के ड्रेन और फुटपाथ का 21 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। इस परियोजना का शुभारंभ मंगलवार को दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया। इस अवसर पर मंत्री प्रवेश ने कहा कि गुरु गोलवलकर मार्ग (रोड नं. 3) पर तूफानी जल निकासी (स्टॉर्म वॉटर ड्रेन) और फुटपाथ पुनर्विकास का यह परियोजना बाहरी दिल्ली में वर्षों से चली आ रही जलभराव, टूटी फुटपाथों और खराब सड़क किनारों की समस्याओं का स्थायी समाधान लेकर आ रहा है। यह कार्य जैन नगर से कंझावला चौक और आगे मुंगेशपुर ड्रेन तक पूरे मार्ग पर किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी इस पूरे 10 किलोमीटर की लंबाई (दोनों ओर 5–5 किलोमीटर) में नई आरसीसी ड्रेन का निर्माण, लगातार और सुरक्षित फुटपाथों का विकास, खराब सड़क किनारों की मरम्मत और संपूर्ण नागरिक गलियारे को अपग्रेड करेगा।

शिलान्यास समारोह आए लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह काम सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है। यह उन समस्याओं का निर्णायक समाधान है जिनसे बाहरी के लोग दशकों से जूझते आए हैं। पहले की सरकारों ने सिर्फ खोखले वादे किए, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं बदला। आज हम इस क्षेत्र को जलभराव, टूटी-फूटी पैदल राहों और अव्यवस्था से मुक्त करने की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को काम चाहिए, बहाने नहीं। जैन नगर से कंझावला तक अब पूरा गलियारा बदलने जा रहा है। अब मजबूत ड्रेनेज, सुरक्षित फुटपाथ बनेगा, जिससे स्वच्छ माहौल और बेहतर आवाजाही होगी।




### मानसून से पहले हर हाल में काम पूरा करे एजेंसी

मंत्री प्रवेश ने कार्यान्वयन एजेंसी को सख्त निर्देश दिए कि यह कार्य आगामी मानसून से पहले हर हाल में पूरा होना चाहिए, ताकि जनता को समय रहते वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि पहले यह काम 12 महीने में पूरा किया जाना था। उन्होंने कहा कि कराला, जैन नगर और कंझावला के लोग बेहतर सुविधाओं के हकदार हैं और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। यह सिर्फ विकास नहीं, बल्कि एक वादा पूरा होने का क्षण है। बाहरी दिल्ली अब कभी उपेक्षित नहीं रहेगी।

### परियोजना की प्रमुख विशेषताएं

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने परियोजना की विशेषताएं बताते हुए कहा कि 1.2एम-1.2एम से 2.2एम-1.6एम आकार की नई आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए मजबूत फुटपाथों का विकास किया जाएगा। मानसून के दौरान जलभराव रोकने हेतु तूफानी जल निकासी क्षमता में व्यापक वृद्धि की जाएगी और बेहतर कनेक्टिविटी और नागरिक सुविधा में सुधार के काम किए जाएंगे।

## रामलीला मैदान की प्रस्तावित रैली को लेकर यादव ने की बैठक, कहा सभी तैयारियों हो चुकी पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आगामी 14 दिसंबर 2025 को रामलीला मैदान में प्रस्तावित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की बैठक को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंगलवार को एक अहम बैठक बुलाई। कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में बैठक में गहन चर्चा हुई। जिसके बाद यादव ने घोषणा कर दी कि राहुल गांधी की रैली संबंधित लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। बैठक में यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, दिल्ली के पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ, प्रदेश प्रशासनिक प्रभारी जतिन शर्मा, अभाकां कमेटी रैली आब्जर्वर सांसद नीरज डांगी, कमेटी सचिव बीपी सिंह, आब्जर्वर सी पी मित्तल और एडवोकेट सुनील कुमार सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि हमने दिल्ली की रैली के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने दावा किया कि रैली में दिल्ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हिस्सेदारी इस बार ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि मैं खुद बादली विधान सभा से आने वाली बस में बैठकर रामलीला मैदान आऊँगा। इसी प्रकार प्रदेश के नेता, चुनाव लड़े सभी प्रत्याशियों सहित पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष भी अपने अपने वार्डो से आने वाली बसों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर ही रामलीला मैदान पहुंचेगे। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारियों को लेकर डीपीसीसी ने बकायदा एक कंट्रोल रूम बनाया है जहां से हमारे कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड से दी गई 70-70 कांग्रेस कार्यकर्ताओं की लिस्ट वाले लोगों को फोन कर सुनिश्चित कर रहे हैं की प्रत्येक बूथ से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप

### लघु सचिवालय में प्रतिदिन 5 मिनट योग



फरीदाबाद। मंगलवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 5 मिनट का (वाई ब्रेक) योग सत्र आयोजित किया गया। यह पहल कार्यस्थल पर स्वास्थ्य संवर्धन, तनाव प्रबंधन तथा अधिक उत्पादकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रारम्भ की गई है। यह जानकारी जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मोनिशा ने दी।

### संपत्ति के मामले में पासपोर्ट अधीक्षक काबू



**गाजियाबाद।** सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद में तैनात रहे वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक दीपक चंद्रा को मुम्बई से गिरफ्तार किया है। मंगलवार को आरोपी को गाजियाबाद स्थित सीबीआई अदालत में पेश किया गया। अदालत ने पूछताछ के लिए तीन दिन की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। यह मामला वर्ष 2018 से 2024 के बीच का है।

### कर्मचारी 50 हजार रूपए रिश्वत लेते काबू किया



**फरीदाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को जिला उद्योग केन्द्र के कर्मचारी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ काबू किया। एसीबी ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता सरदार अमरीक सिंह ने एंटी करप्शन ब्यूरो को लिखित शिकायत दी कि नीलम चौक स्थित जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में तैनात कर्मचारी राजीव गुप्ता उनके काम करवाने की एवज में रुपए मांग रहा है।

## 'आपकी मेयर आपके द्वार' कार्यक्रम


# मेयर को गांव अलियर में ग्रामीणों ने सुनाई समस्या

मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निगम अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर लोगों की समस्याओं से रूबरू करवाना है। अब ग्रामीणों को निगम अधिकारियों से मिलने के लिए कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि अधिकारी स्वयं वार्डों मां पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मानेसर की मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने 'आपकी मेयर आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को गांव अलियर में जनता दरबार का सफल आयोजन किया। निगम अधिकारियों ने मौके पर आमजन की समस्याएं सुनते हुए समाधान निकालने की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निगम अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर लोगों की समस्याओं से रूबरू करवाना है। अब ग्रामीणों को निगम अधिकारियों से मिलने के लिए कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि अधिकारी स्वयं वार्डों मां पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने वहां मौजूद ग्रामीणों से निगम क्षेत्र की बेहतरी के लिए सुझाव मांगे और अधिकारियों को उन सुझावों पर अमल करने के निर्देश दिए।

### आरएफआईडी टैग को स्कैन करने के बाद ही कूड़ा उठाया जाएगा



मेयर ने कहा कि जल्द ही घरों से कूड़ा उठाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इस बार घरों से कूड़ा उठाने के लिए नगर निगम की गाड़ियां तय समय पर पहुंचेगी। घरों के बाहर लगे आरएफआईडी टैग को स्कैन करने के बाद ही कूड़ा उठाया जाएगा। कूड़े से संबंधित शिकायत सीधा अब पोर्टल पर की जा सकेगी। ग्रामीणों की फीडबैक लेने के बाद ही एजेंसी को भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने आमजन से निगम क्षेत्र को साफ रखने व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। मेयर ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम के सभी गांवों में लगातार कैंप आयोजित किए जाएं, जब तक प्रत्येक डाटा त्रुटिरहित न हो जाए। ग्रामीणों ने मेयर की जनता दरबार लगाने की पहल की सराहना की।

### मेयर ने अधिकारियों को समाधान के निर्देश भी दिए

ग्रामीणों ने गांव में सामुदायिक केंद्र, खेल परिसर में हाई मास्ट लाइट, गलियों के निर्माण आदि समस्याएं भी रखी। जिस पर मेयर ने अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान मेयर के साथ उप-निगम आयुक्त अपूर्व चौधरी, एक्सईएन सुशील ठाकरान, एसडीओ अनिल मलिक, टैक्स सहायक उदय सिंह, सीएसआई विजय कौशिक, निगम के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## स्टेज-1 एवं 2 की पाबंदियां रहेंगी प्रभावी

# फरीदाबाद में ग्रैप स्टेज 3 की पाबंदियां तत्काल प्रभाव से वापस ली गई

समिति के अनुसार दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का वायु गुणवत्ता सूचकांक पिछले तीन दिनों से सुधार की दिशा में है, जबकि भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में एक्यूआई में सुधार होने की संभावना व्यक्त की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसी आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की सब-कमेटी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता की वर्तमान स्थिति तथा पिछले दिनों के एक्यूआई स्तरों की समीक्षा करने के उपरांत ग्रैप के स्टेज-3 के तहत लागू सभी पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि समिति के अनुसार दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का वायु गुणवत्ता सूचकांक पिछले तीन दिनों से सुधार की दिशा में है, जबकि भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में एक्यूआई में सुधार होने की संभावना व्यक्त की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में स्टेज-3 की पाबंदियां हटाई गई हैं, जबकि स्टेज.1 एवं स्टेज-2 की सभी पाबंदियां 21 नवंबर के संशोधित ग्रैप के प्रावधानों के तहत पूर्ववत लागू रहेंगी।

उन्होंने कहा कि निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों से जुड़े वे स्थल, जिन पर विभिन्न नियमों, अधिसूचनाओं एवं दिशानिर्देशों के उल्लंघन के चलते विशेष रोक आदेश जारी किए गए थे, उन्हें बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के किसी भी प्रकार की गतिविधि पुनः प्रारंभ न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों एवं प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार लाने स्टेज.1 एवं 2 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें ।



### निर्धारित प्रतिबंधों एवं सलाहों का पालन करें

डीसी ने कहा कि आगामी शीतकालीन मौसम और प्रतिकूल वायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे संशोधित नागरिक चार्टर के अंतर्गत निर्धारित प्रतिबंधों एवं सलाहों का पालन करें, ताकि वायु गुणवत्ता में और गिरावट न आए।

## जागरूकता कार्यक्रम

### आमजन के संयुक्त प्रयासों से ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर लगेगा अंकुश



भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आज मंगलवार को उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में फरीदाबाद के राजीव नगर एवं मौजपुर गांव सहित विभिन्न स्थानों पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करवाने की शपथ दिलाई गयी। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों और 21 वर्ष से कम आयु के लडक़ों का विवाह अवैध माना गया है। इसके तहत बाल विवाह कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को भी बाधित करता है। यह शिक्षाए स्वास्थ्य और जीवन के अन्य अवसरों को प्रभावित करता है। हम सभी को मिलकर इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए कदम उठाने होंगे।

# यमुना-गंगा सहित सभी नदियां सनातन से जोड़ने का मूल सूत्रः आरएन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यमुना जी की अविरलता तथा निर्मलता पर चर्चा के लिए श्री यमुना जल जन जागरण अभियान के तहत यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह फरीदाबाद-दिल्ली सीमा पर स्थित जोर खोड़ मंदिर पहुंचे जहां से हाल ही में श्री बागेश्वर धाम सरकार के अधिष्ठाता पं. धीरेन्द्र शास्त्री दिल्ली से वृन्दावन तक सनातन जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किए थे। जोर खोड़ मंदिर के पीठाधीश्वर बाबा रामदास जी महाराज को डॉ. सिंह ने राधे-राधे का शाल से सम्मानित कर हथिनी कुण्ड यमुनानगर से लाया पवित्र जल भेंट किए। डॉ.सिंह ने कहा कि हथिनी कुण्ड के आगे ब्रजक्षेत्र तक प्राकृतिक मार्ग में पवित्र यमुना जल नहीं है ऐसे में सामूहिक स्नान-ध्यान तथा सनातन को संगठित करने वाले धार्मिक व अध्यात्मिक अनुष्ठान नगण्य होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हथिनी कुण्ड के आगे प्राकृतिक मार्ग में पवित्र यमुना जल का नहीं होना न सिर्फ धार्मिक रूप से गलत है अपितु मानवाधिकार तथा प्राकृतिक न्याय का घोर हनन भी है।



### सरकारें यमुना की के प्रति संवेदनहीन

केंद्रीय तथा राज्य सरकारें यमुना जी की अविरलता तथा निर्मलता के प्रति संवेदनहीन हैं।

ब्रजक्षेत्र सहित दिल्ली, फरीदाबाद तथा पलवल के साथ हो रहा यमुना के प्रति घोर अन्याय असहनीय की हद तक चुका है, ऐसे में यमुना रक्षक दल के पास जन जागरण के माध्यम से व्यापक जन आन्दोलन का मार्ग ही विकल्प के रूप में बचा है। लोगों को इकट्ठा कर काम किया जाएगा।

### उचित पटल पर आवाज उठाना जरूरी

जोर खोड़ मंदिर के पीठाधीश्वर बाबा रामदास जी महाराज ने कहा कि सरकार को यमुनाजी की अविरलता तथा निर्मलता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। जब तक यमुना की अविरलता तथा निर्मलता सुनिश्चित नही हो जाती धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों को उचित पटल पर आवाज उठाते रहनी चाहिए।

## जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा

# सोनिया गांधी हमारी आदर्श ही नहीं त्याग- तपस्या की प्रेरणा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष संसदीय दल की नेता यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी का जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के कार्यालय पर महिला कार्यकर्ताओं को सम्मान कर मनाया।

जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि सोनिया गांधी त्याग तपस्या की मिसाल है। उन्होंने ऐसा उदाहरण पेश करके दुनिया को संदेश दिया की सेवाभाव के लिए पद की जरूरत नहीं है।



बिना पद के भी जनता की सेवा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आजकल तो कोई भी चपरासी की नौकरी त्यागने को तैयार नहीं है, लेकिन हमारी नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पद को त्याग कर दुनिया के लिए एक मिसाल पेश की हमें अपने नेता पर गर्व है। कौशिक ने कहा कि सोनिया गांधी की प्रेरणा से देश में गरीबों को अनाज दिया जा रहा है इसका श्रेय सोनिया गांधी को और यूपी की सरकार को जाता है क्योंकि डॉ. मनमोहन सिंह जब प्रधानमंत्री थे तो उनके द्वारा बनाई गई नीति गरीबों के लिए वरदान साबित हुई।

बलजीत कौशिक ने सोनिया गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस नेत्री रेनू चौहान, महिला अध्यक्ष सुनीता फागना, नसीमा शेख, पम्मी मान, सरला भामोत्रा, सीमा सहित अन्य महिला कांग्रेसी नेताओं युवा कार्यकर्ताओं को शॉल और बुक्का भेंट कर सम्मानित किया।

# 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र में पांच साल की बच्ची का दुष्कर्म के बाद हत्या कर दिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवा दिया। पल्ला हरकेश नगर में रहने वाली बच्ची सोमवार रात को घर से गायब हो गई थी। पड़ोस में ही रहने वाला युवक बच्ची को चाकलेट दिलाने के बहाने घर से ले गया था। उस समय बच्ची का पिता अपनी फैक्ट्री में गया हुआ था।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में विभिन्न स्थानों पर ट्विन डस्टबिन का प्रावधान व स्थापना। | 08.12.2025 15.12.2025 | रु. 44.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | राहड रोड वार्ड नं. 7, रोहतक में सीमेंट कंक्रीट गली का निर्माण + 1 कार्य। | 08.12.2025 18.12.2025 | रु. 150.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41022/I/88/7 दि. 09.12.25

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मोहम्मद अख्तर उर्फ इल्ला, पुत्रः** मोहम्मद निज़ामुद्दीन, **पताः** बी-167, हरि एन्क्लेव, एच. ब्लॉक, बलबीर नगर, अमन विहार, दिल्ली ने **FIR No. 853/2019 U/s 457/380/411/34 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अख्तर उर्फ इल्ला,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अख्तर उर्फ इल्ला,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 853/2019 U/s 457/380/411/34 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अख्तर उर्फ इल्ला,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
जेएमएफसी-03, कमरा नंबर 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16421/OD/2025
(Court Matter)


## अदालत ने 30-30 हजार का जुर्माना भी ठोंका

# मासूम की हत्या करने की दोषी सौतेली मां व उसकी सहेली को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मोदीनगर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरम में 11 वर्षीय शब्द उर्फ शुबबी की हत्या के मामले में अदालत ने उसकी सौतेली मां रेखा और उसकी सहेली पूनम को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंका है। शनिवार को अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था। सजा पर बहस के बाद अदालत ने सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक वरुण त्यागी ने बताया कि राहुल ने 16 सितंबर 2023 को थाना मोदीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह गोविंदपुरी डबल स्टोरी कॉलोनी में रहता है। उसकी दूसरी शादी बागपत निवासी रेखा से हुई थी। रेखा की पहली शादी से डेढ़ वर्षीय एक बेटी है, जबकि राहुल का पहली पत्नी से 11 वर्षीय बेटा शब्द था। शादी के बाद सभी लोग गोविंदपुरम में रहने लगे।

### जांच में सेप्टिक टैंक का स्लैब टूटा मिला था

15 सितंबर 2023 को शब्द अचानक घर से लापता हो गया। राहुल की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर शब्द को घर के अंदर जाते हुए तो देखा गया, लेकिन बाहर निकलते हुए नहीं। इस पर पुलिस को शक हुआ और घर की तलाशी ली गई।

जांच में सेप्टिक टैंक का स्लैब टूटा मिला, जिस पर लकड़ी का फट्टा रखा था। पुलिस ने टैंक को खंगाला तो अंदर बच्चे का शव बरामद हुआ। शव के दाहिने पैर में चुन्नी से पत्थर बंधा था और गले पर चोट के निशान थे।

कड़ाई से पूछताछ में रेखा ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने अपनी सहेली पूनम की मदद से शब्द को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। उसे डर था कि



भविष्य में बेटा उसे अपने पास नहीं रखेगा और उसकी बेटी को भी भाई जैसा प्रेम नहीं मिलेगा, इसलिए हत्या कर दी।

पुलिस ने दोनों आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-12 विनोद कुमार पंचम की अदालत ने दोनों के खिलाफ मामले की सुनवाई के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### टीवी सीरियल देख रची थी हत्या की साजिश

पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि रेखा की पूनम से दोस्ती थी और उनके बीच अक्सर बातचीत होती थी। इसी दौरान टीवी पर एक क्राइम सीरियल में हत्या की वारदात दिखी, जिसमें शव को पत्थर बांधकर फेंका गया था। उसी से प्रेरित होकर दोनों ने शब्द की हत्या की पटकथा और पुलिस से बचने की योजना तैयार की।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव राजौंद में राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.12.2025 | 33.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | गांव खैरा, कुरुक्षेत्र में राजीव गांधी खेल स्टेडियम के कार्य हेतु विशेष मरम्मत आकलन। | 05.12.2025 16.12.2025 | 152.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2- kurukshetra@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में नारनौंद में ज्यूडीशियल कोर्ट्स में बदली गई उप तहसील नारनौंद की विशेष मरम्मत और बरवाला में ज्यूडीशियल कोर्ट्स में बदला गया एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स, बरवाला की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना)। | 05.12.2025 11.12.2025 | 57.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प नरवाना | कैथल जिले में गांव बालू में शोबरी ऋषि तीर्थ का विकास। | 08.12.2025 15.12.2025 | 49.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd- narwana@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 6.700 से 7.500 तक हिसार जिले में सर्विस रोड के साथ-साथ कि.मी. 3/7-8 क्रॉसिंग दक्षिणी परिधि रोड पर हिसार सादलपुर रेलवे लाइन पर एल/सी नं. 4-ए पर आरओबी की विशेष मरम्मत (रोड आइडी 10202)। | बंद होने की तिथि 15.12.2025 | 155.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा द्वारा अपेक्षित अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन की अधिप्राप्ति हेतु निविदा, 1. अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन। | 10.12.2025 24.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा द्वारा अपेक्षित बोयल'स अपेरेटस की अधिप्राप्ति हेतु निविदा, 1. बोयल'स अपेरेटस। | 10.12.2025 24.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | पशुपालन एवं डेयरी विकास, हरियाणा द्वारा अपेक्षित डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन (एक्स-रे) की अधिप्राप्ति हेतु निविदा, 1. डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन (एक्स-रे)। | 10.12.2025 24.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में 36 अदद लिफ्टों के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 12.12.2025 29.12.2025 | ईएमडी 1.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 10 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत इलैक्ट्रिकल, अग्निशमन सेवाओं के सीएमसी हेतु ई-निविदा। | 12.12.2025 29.12.2025 | ईएमडी 5.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 11 | बागवानी आलू प्रौद्योगिकी केन्द्र शामगढ़ करनाल | आलू प्रदर्शनी (2025-26) हेतु टेंटेज, फूड, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी और अन्य लॉजिस्टिकल व्यवस्थाओं का प्रबंध करना। | 10.12.2025 26.12.2025 | 100000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988318067 ptcshamgarh@gmail.com |
| 12 | जिला परिषद, अम्बाला | वीएएनजीवाई अम्बाला 1- गांव कोंकपुर ब्लॉक अम्बाला-1 में एक्सिस बैंक से पुराना गुरूद्वारा साहिब तक आईपीबी गली का निर्माण + 5 कार्य। | 04.12.2025 11.12.2025 | 39.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 13 | वन विभाग, भिवानी | बिल्डिंग, आरएफओ आवास, लोहारू के निर्माण हेतु निविदा। | 08.12.2025 17.12.2025 | 14.50 लाख | https://haryanaeprocurement.gov.in | 9416251743 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 14 | पंचायती राज रोहतक | गांव कबूलपुर में भगत पाना में सामान्य चौपाल का निर्माण + 6 कार्य। | 05.12.2025 11.12.2025 | 99.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज रोहतक | गांव भराण शेखपुर तितरी में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 08.12.2025 15.12.2025 | 117.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/300/41036/I/88/7 दि. 09.12.25

## खबर संक्षेप

### अवैध खननःसूचना देने वाले को 10 हजार इनाम




**पटना।** बिहार में अवैध बालू खनन और उससे जुड़े करप्शन को लेकर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में शामिल किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। अवैध खनन की सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। इस दौरान उन्होने थानेदारों की भी जवाबदेही तय कर दी है। हालांकि सरकार की बनाई खनन नीति में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### मोतिहारी में बेची गई दुमका की लड़की बरामद



**मोतिहारी।** मोतिहारी में बेची गई दुमका की 14 वर्षीया नाबालिग को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। मामले में तीन महिला सहित चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। नाबालिग एक माह से लापता थी। दादा ने छह दिसंबर को लिखित आवेदन दिया।दादा ने आवेदन में कहा कि उनकी पोती एक माह पूर्व सिलाई-बुनाई सिखने की बात कहकर घर से निकली, पर घर नहीं लौटी।

### एआईजी स्टांप व सहा. रिश्वत लेते गिरफ्तार



**शामली।** कलेक्ट्रेट स्थित निबंधक कार्यालय में मंगलवार को विजिलेंस मेरठ की 12 सदस्यीय टीम ने छापा मारकर एआईजी स्टांप रविंद्र मेहता और उनके सहायक अश्वनी कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई दोपहर बाद सीओ विजिलेंस आजाद सिंह के नेतृत्व में की गई। जमीन की जांच कराने के नाम पर एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

योगी सरकार का निकायों को निर्देश

# यूपी में शहरी क्षेत्र का नए सिरे से तैयार होगा नया नक्शा

यूपी में योगी सरकार शहरी क्षेत्र का नए सिरे से नया नक्शा तैयार कराएगी। शहरी क्षेत्र का नक्शा तैयार करने की जिम्मेदारी निकायों को सौंपी गई है। इसमें वर्ष 2011 के बाद शहरी क्षेत्र में आने वाले स्कूल, कॉलेज व प्रतिष्ठान आदि को चिह्नित किया जाएगा। जिलाधिकारियों को निर्देश भेजे गए।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार ने प्रस्तावित नई जनगणना के लिए उत्तर प्रदेश में तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके पहले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का बंटवारा अलग-अलग होगा। इसमें दोनों का दायरा तय करते हुए नए सिरे से नक्शा तैयार किया जाएगा। शहरी क्षेत्र का नक्शा तैयार करने की जिम्मेदारी निकायों को सौंपी गई है। इसमें वर्ष 2011 के बाद शहरी क्षेत्र में आने वाले स्कूल, कॉलेज व प्रतिष्ठान आदि को चिह्नित किया जाएगा। निकायों को 20 दिसंबर तक इसकी सूचना निदेशालय को उपलब्ध करानी होगी।

स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने इस संबंध में निकायों के साथ जिलाधिकारियों को विस्तृत निर्देश भेजा है। इसमें कहा गया है कि देश में नई जनगणना कराई जानी है। इससे पहले नगरीय निकायों के विस्तारित क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि वर्ष 2011 के बाद कितना शहरी दायरा बढ़ा। निकायों से सटे हुए सभी राजस्व गांवों के साथ वाह्य वृद्धि वाले क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। इसकी जानकारी देने के साथ नक्शा अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। इसमें संबंधित नगर और उसके आसपास के राजस्व गांवों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए। विकसित क्षेत्रों में आने वाले राजस्व गांवों की सीमा का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए, जिससे सीमाओं का स्पष्ट रूप से पता चल सके। किसी निकाय में सीमा का विस्तार नहीं हुआ है तो वो उसके द्वारा 'निल' की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाएगी।



### पूरी जानकारी जनगणना निदेशालय को दी जाएगी

सभी निकायों व जिलों द्वारा प्रस्तावों को अंतिम रूप से देने से पहले स्थलीय जांच व प्रमाणीकरण करते हुए सभी जरूरी कागजात के साथ उसे निदेशालय में भेजा जाएगा। प्रस्ताव में यह जानकारी दी जाएगी कि उनके वृद्धि वाले क्षेत्रों में कितने स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, प्रतिष्ठान या अन्य किसी तरह के कितने संस्थान आए हैं। शहर का मौजूदा कितना दायरा है। निकायों से मिलने वाली सूचना के आधार पर इसकी पूरी जानकारी जनगणना निदेशालय को दी जाएगी, जिससे नई जनगणना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की अलग-अलग स्पष्ट रूप से पहचना हो सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-

# युवाओं के स्केल को स्किल से जोड़ रही सरकार कुशल मानव संसाधन का हब बनेगा उत्तर प्रदेश

सीएम योगी मंगलवार दोपहर बाद गोरखपुर के पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के नरकटहा में नवनिर्मित राजकीय आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का लोकार्पण किया। इस आईटीआई का निर्माण पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से 18 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया है।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे युवा राज्य है। यहां के युवा अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। इनकी प्रतिभा की मांग देश और दुनिया के कई देशों में है। युवाओं को प्रशिक्षण से जोड़कर प्रदेश को देश और दुनिया के लिए कुशल मानव संसाधन का हब बनाया जाएगा।

सीएम योगी मंगलवार दोपहर बाद गोरखपुर के पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के नरकटहा में नवनिर्मित राजकीय आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस आईटीआई का निर्माण पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से 18 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है।




### सबसे बड़े आबादी वाले यूपी के 55 से 60 % युवा

इसका संचालन प्रदेश सरकार की तरफ से कराया जाएगा। आईटीआई के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां 55 से 60 फीसदी आबादी कामकाजी यानी युवा है। इस हिसाब से यह सौभाग्य भी है कि यूपी देश का सबसे युवा राज्य है। यहां युवाओं की स्केल है और इस स्केल को स्किल से जोड़ना है।

### उद्योगों की मांग के अनुरूप ट्रेड में ट्रेंड होंगे युवा

सीएम ने कहा कि सरकार युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप ट्रेड में ट्रेंड कर रही है। इसके लिए गीडा में नाइलिट की शाखा के माध्यम से ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे कैम्पस सलेक्शन के जरिए यहां के उद्योगों में ही युवाओं का समायोजन होगा। कहा कि पावरग्रिड की तरफ से बने आईटीआई में भी उद्योगों की मांग के अनुरूप ट्रेडों में युवाओं को स्किल्ड बनाया जाएगा।

### डेढ़ सौ से अधिक आईटीआई को जोड़ रहे अत्याधुनिक तकनीक से

सीएम योगी ने कहा कि सरकार टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर डेढ़ सौ से अधिक आईटीआई को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने का कार्य कर रही है। नौजवानों को आईटीआई में दीर्घकालिक और अल्पकालिक, दो प्रकार की प्रशिक्षण योजनाओं से जोड़कर कार्य हो रहा है।

### आईटीआई गीडा क्षेत्र की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीआई गीडा क्षेत्र की आवश्यकता है। इससे युवा प्रशिक्षित होगा तो उसे यहां लग रहे उद्योगों में ही नौकरी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि हर नौजवान को रोजगार की गारंटी डबल इंजन सरकार का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने में आईटीआई बनवाकर पावरग्रिड ने भी सहयोग किया है।


दो खास जिले भी बने, 19 एजेंडे पर लगी मुहर

# नीतीश कुमार कैबिनेट ने सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ पटना

नीतीश सरकार की कैबिनेट की बैठक में 19 एजेंडे पर कैबिनेट ने मुहर लगाई। सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 5 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। यह एक जुलाई 2025 से प्रभावी होगा। कैबिनेट ने तीन नए विभागों के गठन को भी मंजूरी प्रदान की है। युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं नागर विमाननन विभाग की स्थापना होगी। इसके साथ लघु-मध्यम उद्यम निदेशालय एवं विपणन प्रोत्साहन निगम बनाए जाएंगे।

षष्ठम केंद्रीय वेतनमान में वेतन व पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य के सरकारी कर्मियों, पेंशनभोगियों व



पारिवारिक पेंशनभोगियों को एक जुलाई 2025 के प्रभाव से 252 की जगह 257 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जाएगा। वहीं पंचम वेतनमान के मामले में 466 की जगह 474 प्रतिशत होगा।

नेशनल इंवेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लि. के माध्यम से राज्य की परियोजनाओं में सहायता के लिए एमओयू की स्वीकृति का निर्णय कैबिनेट में लिया गया।

### युवा, रोजगार,कौशल विकास विभाग का गठन

नीतीश सरकार का विशेष ध्यान छात्रों व युवाओं पर है। युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी व रोजगार प्रदान करने और उन्हें कुशल बनाने के लिए युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का गठन किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा के स्तर को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग बनेगा। इसी तरह सिविल विमानन की संभावनाओं को और विस्तृत करने तथा वायु यातायात को सुगमन बनाने के लिए सिविल विमानन निदेशालय को अलग करते हुए सिविल विमानन विभाग का गठन किया जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### अमित शाह ने ...

कहा कि यह गीत पूरे देश की एकता और त्याग की भावना को दर्शाता है।

### विपक्ष का पलटवार...

जेल गए थे, और इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### आज से ब्राजील....

एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान नौसेनाप्रमुख ब्राजील के वरिष्ठ सरकारी नेतृत्व जैसे रक्षा मंत्री जोस मुसियो, सशस्त्र बलों के संयुक्त स्टाफ प्रमुख एडमिरल रेनाटो रोड्रिग्स.डी अगुइर फ्रेयर और ब्राजील की नौसेना के कमांडर एडमिरल मार्कोस सम्पायो ओलसेन के साथ विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। यह संवाद दोनों पक्षों के बीच वर्तमान में बने हुए द्विपक्षीय समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन स्तरीय संबंधों को बढ़ाने और दोनों नौसेनाओं के मध्य सहयोग के नए मार्ग तलाशने के अवसर प्रदान करेगा।

### सैन्य प्रतिष्ठानों में ....

ब्राजील के शीर्ष नेतृत्व के साथ होने वाली उनकी वार्ता में साझा समुद्री प्राथमिकताओं, नौसैनिक अंतर-संचालन, क्षमता निर्माण, व्यापक दक्षिण-दक्षिण सहयोग से इतर बहुपक्षीय ढांचे के तहत सहयोग जैसे मुद्दों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी की यह ब्राजील यात्रा समुद्री सुरक्षा, व्यावसायिक आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों ब्राजील की नौसेना के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। जो वैश्विक समुद्री क्षेत्र में स्थिरता लाने में भी मददगार साबित होगी।

### ब्राजील की स्कॉर्पीन....

एक साथ भाग लेती हैं। इसके अलावा भारत की तरह ही ब्राजील की नौसेना भी फ्रांस में निर्मित स्कॉर्पीन पनडुब्बियों का अपनी समुद्री सुरक्षा के लिए इस्तेमाल करती है। वर्तमान समय में ब्राजील अपनी स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के रखरखाव, मरम्मत के लिए भारत के सरकारी क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण शिपयार्ड (डीपीएसयू) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ बातचीत कर रहा है। दोनों पक्षों की इस वार्ता में मामले पर एक समझौता ज्ञापन (एमडीएल) पर हस्ताक्षर करने का मुद्दा भी प्रमुखता से शामिल है। नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी की इस यात्रा में होने वाली बातचीत में यह मुद्दा भी शामिल किया जा सकता है।

### लोकतंत्र को खत्म...

प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचाने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से सीजेआई को हटाया जाना इसी दिशा में एक गंभीर कदम था। नेता प्रतिपक्ष ने सदन में कहा कि वह विपक्ष के नेता होने के नाते नियुक्ति पैनल में शामिल हैं, लेकिन उनका कोई प्रभाव नहीं रह गया है, क्योंकि पैनल में प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पक्ष भारी रहता है। उन्होंने कहा कि सीजेआई को हटाना यह दर्शाता है कि सरकार चुनाव प्रक्रिया को अपनी सुविधा के मुताबिक चलाना चाहती है। उन्होंने पूछा क्या हम सीजेआई पर भरोसा नहीं करते। उन्हें हटाने की क्या मजबूरी थी।

राहुल गांधी ने उठाया कि 2023 में ही सरकार ने ऐसा कानून क्यों पास किया, जिसमें चुनाव आयोग के प्रमुख और चुनाव आयुक्तों को उनके आधिकारिक फैसलों पर किसी भी तरह की कार्रवाई से सुरक्षा दे दी गई। उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा प्रावधान सत्ता के दुरुपयोग को बढ़ावा देता है और चुनाव आयोग की जवाबदेही पर सवाल खड़ा करता है। उनके मुताबिक, यह बदलाव चुनाव प्रक्रिया पर सरकार के नियंत्रण को और मजबूत करता है। गांधी ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। राहुल ने पूछा कि आखिर चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सीसीटीवी कैमरों और उनके डाटा को लेकर कानून क्यों बदला गया। उन्होंने कहा कि नया नियम चुनाव आयोग को यह अधिकार देता है कि वह मतदान के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज नष्ट कर सकता है। राहुल ने सवाल उठाया ऐसा करने की क्या जरूरत थी? यह डाटा का नहीं, चुनाव चोरी का सवाल है।

### चुनाव आयोग ने ...

ने इसे संवेदनशील विषय बताते हुए सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे आरोप-प्रत्यारोप से बचें और चर्चा को चुनाव सुधारों पर केंद्रित रखें।

मनीष तिवारी ने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव कराए जाने समय की मांग हैं। तिवारी ने आरोप लगाया कि आज चुनाव आयोग केंद्र के निर्देश पर काम कर रहा है। ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए तिवारी ने कहा कि इन मशीनों का सोर्स कोड किसी और कंपनी के पास होना चिंताजनक है। उन्होंने आगे कहा, देश में एक देश-एक चुनाव पर बहस चल रही है। लेकिन अगर आप संविधान सभा की जो कार्यवाही हैं, उनको संज्ञान में लें तो संविधान निर्माताओं ने यह देख लिया था कि भारत में दस-बारह साल बाद अलग-अलग समय पर अलग अलग राज्यों में चुनाव होंगे, तो इससे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है कि ये एक देश चुनाव का कोई औचित्य बचता है कि नहीं। इसके ऊपर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि संविधान के जो निर्माता थे, उन्होंने इसे अपने संज्ञान में लेकर उस समय कहा था कि अलग-अलग समय पर चुनाव होते रहेंगे।

चर्चा में भाग लेने के दौरान झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट से निर्वाचित भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के भाषण के बाद तीखी टिप्पणी की। निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए गठित समिति का बचाव करते हुए दुबे ने कहा कि बीते कई दशकों में चुनाव होने की जानकारी अखबारों से मिलती थी।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि रामपुर में हुए उपचुनाव के दौरान आयोग के साथ-साथ स्थानीय पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी कटघरे में रही। वोटिंग के दिन पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई का जिक्र करते हुए अखिलेश ने दावा किया, भाजपा सरकार के साथ-साथ पुलिस-प्रशासन इस बात की कोशिश में लगी थी कि मतदाताओं को घर से निकलने न दिया जाए। इसकी सूचना निर्वाचन आयोग को दिए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई।

आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कांग्रेस सांसद पीवी मिधुन रेड्डी ने भी चर्चा में भाग लिया। राजस्थान की सीकर संसदीय सीट से निर्वाचित सीपीआईएम सांसद अमरा राम ने एसआईआर के औचित्य पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि देश की 90 करोड़ से अधिक जनता से फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। लोगों को सांप्रदायिकता की तरफ धकेला जा रहा है। 95 साल की आयु में लोगों को वोटर लिस्ट के लिए फोटो क्लिक कराने को कहा जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि घुसपैठ के नाम पर डर का माहौल बनाया जा रहा है। सरकार को बताना चाहिए कि बीते 11-12 साल के कार्यकाल में कितने लोगों को बाहर निकाला गया है।

तमिलनाडु की चेन्नई सेंट्रल विधानसभा सीट से निर्वाचित डीएमके के सांसद दयानिधि मारन ने तमिल भाषा में चुनाव सुधार को लेकर अपनी बातें रखीं। पश्चिम बंगाल की श्रीरामपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने सरकार से चुनावी सुधार के मुद्दे पर कई सवाल पूछे। उन्होंने सरकार पर घुसपैठिए और रोहिंग्या की आड़ में भय का वातावरण बनाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल के लोगों से घृणा करती है। बिहार की औरंगाबाद लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल सांसद अभय कुमार सिन्हा ने कहा, एनडीए के घटक दलों को परिवारवाद की बातें करने से पहले आत्मअवलोकन करना चाहिए। इसके बाद लालजी वर्मा ने भी चर्चा में भाग लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समेत सत्ताधारी खेमा सांविधानिक संस्थाओं को कुचलने का काम कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लेख करते हुए सपा सांसद वर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति समिति से चीफ जस्टिस को हटा दिया गया। महाराष्ट्र की कल्याण लोकसभा सीट से निर्वाचित शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने वोट का सम्मान सुरक्षित रखने के लिए एसआईआर को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि इस देश का लोकतंत्र हर चुनाव के साथ मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, देश की जनता हर चुनाव में उम्मीद के साथ मताधिकार का इस्तेमाल करती है। हिंसा का दौर पीछे छोड़कर अब देश आगे बढ़ चुका है। देश के अलग-अलग हिस्से से रिकॉर्ड मतदान की खबरें आती हैं, जो लोकतंत्र की ताकत दिखाती है।

एनसीपी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने ने कहा कि आज चुनाव आयोग पर आम लोगों को भी शक हो रहा है। राजनीतिक झुकाव के आरोप लग रहे हैं। चुनाव में निष्पक्षता नहीं होने के कारण भी आयोग कटघरे में है। सुप्रिया सुले ने कहा कि आयोग आज जिस तरह की कार्रवाई कर रहा है, ये शर्मनाक है। एनसीपी सांसद ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद पंचायती राज चुनाव के परिणाम पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि पहली बार फॉर्म, आरक्षण, नामांकन दाखिल करने, नाम वापसी जैसे चरणों में गड़बड़ी क्यों सामने आई।

महाराष्ट्र से निर्वाचित शिवसेना (यूबीटी) सांसद अनिल देसाई ने महाराष्ट्र में होने वाले निकाय चुनाव और मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारियों को गड़बड़ी की सूचनाएं दी गईं, जिसके बाद आयोग ने कार्रवाई की। हालांकि, कई बार आदित्य ठाकरे और अन्य पार्टी नेताओं की तरफ से बताए जाने के बावजूद राज्य निर्वाचन अधिकारी एक-दूसरे की तरफ टाल-मटोल करते रहे। उन्होंने बीएलओ, ईआरओ और एईआरओ के सामने आ रही परेशानियों का जिक्र करते हुए मौतों पर चिंता जाहिर की।

बिहार की जमुई लोकसभा सीट से निर्वाचित लोजपा सांसद अरुण भारती ने उत्तर प्रदेश और बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए कहा कि कई राज्यों की जनता विपक्ष को सिरे से खारिज कर चुकी है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने चुनाव सुधार में चर्चा पर भाग लिया। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों का जिक्र करते हुए 1990 के दशक में हुई घटनाओं का जिक्र किया। विपक्षी दलों पर सियासी लाभ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए ललन सिंह ने कहा कि सही मायने में चुनाव सुधार हों, इसी मकसद से एसआईआर जैसी प्रक्रिया हो रही है। वोटर अधिकार यात्रा पर तंज कसते हुए ललन सिंह ने कहा कि जिन इलाकों में कांग्रेस और राजद सांसद ने रोड शो किया, वहां भी नतीजे एनडीए के हित में आए।

### मुख्यमंत्री नायब ....

देगा। इस अवसर पर सुश्री अलबा स्मेरिग्लियो ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा की जा रही पहलों की सराहना की और भविष्य में विभिन्न परियोजनाओं पर मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में ब्रिटेन में स्किल्ड लेबर की मांग और हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार और करियर की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस दिशा में दोनों पक्षों ने समन्वय बढ़ाने और युवाओं के प्रशिक्षण एवं चयन हेतु संयुक्त पहल करने पर सहमति जताई। इसके अलावा ऑटोमोबाइल सेक्टर, एविएशन, कृषि और रक्षा उपकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी निवेश की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने इन क्षेत्रों में हरियाणा की नीतियों, औद्योगिक सुविधाओं और उत्कृष्ट निवेश वातावरण के बारे में अवगत कराया तथा ब्रिटिश निवेशकों को राज्य में निवेश हेतु आमंत्रित किया।

### हरियाणा के ....

कार्यप्रणाली को निकट से देखने का मौका मिलेगा, जो सभी के लिए बेहद उपयोगी रहेगी।

### भारत सस्ते दाम ....

करने के जवाब में उठाया जाएगा। हम नई दिल्ली को ऐसा नहीं करने देंगे। क्योंकि इससे हमारे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। विदेशी आयात ने उनकी हालत खस्ता कर दी है और हम किसी को ऐसा नहीं करने दे सकते हैं। इसलिए अब इस संबंध में सख्त कदम उठाने का सही वक्त आ गया है। ट्रंप ने अमेरिका के किसानों को 12 अरब डॉलर के नए राहत पैकेज देने की भी घोषणा की है। उधर, जानकारों की राय में चावल पर टैरिफ लगाने से भारत को नहीं बल्कि अमेरिका को ही नुकसान होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत के अलावा कनाडा से आने वाली खाद (उर्वरक) पर भी टैरिफ लगाने की बात कही है। गौरतलब है कि चावल से पहले अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच भारत पर रूस से जारी तेल खरीद को लेकर दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें 25 फीसदी भाग जुर्माने से जुड़ी धनराशि का है। अभी तक इसमें कोई कमी नहीं की गई है।

**चावल निर्यात के लिए तलाशे नए बाजारः** गर्ग ने दावा किया कि अमेरिका से भारतीय चावल को लेकर मांग मजबूत और लचीली बनी हुई है। जबकि भारत की नए बाजारों तक पहुंच बनी हुई है। जिसमें फिलीपींस भी शामिल है। उसके बाजार में भारत की हिस्सेदारी 4 फीसदी है। जो कुल अमेरिकी बाजार से दस गुना बढ़ा है। इसलिए चावल पर टैरिफ बढ़ाने का सीधा नुकसान अमेरिकी उपभोक्ताओं को ही होगा। भारत के व्यापार पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### मामले पर मिली ...

है। बीते अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किसान रिपब्लिकन पार्टी के बहुत बड़े समर्थक बनकर उभरे थे। जिसे ध्यान में रखते हुए ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय चावल पर टैरिफ लगाने और घरेलू किसानों के लिए भारी भरकम राहत पैकेज की घोषणा की है। उन्होंने ये भी कहा है कि अपने देश के किसानों को महंगाई, बढ़ते आयात से होने वाले नुकसान से बचाना उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है।

### किसानों का अहित ....

रूस से तेल खरीद का मामला है तो उसे लेकर नई दिल्ली द्वारा लिया जाने वाला प्रत्येक निर्णय घरेलू उपभोक्ताओं की मांगों और वैश्विक बाजारों की स्थिति के व्यापक आकलन पर आधारित है। निजी कंपनियां अपने फैसलों को लेने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन उनका पैमाना भी यही रहता है। वहीं, बीटीए पर बातचीत का आगाज होने से पहले अमेरिका की तरह से पहले से लगाए जा चुके 50 फीसदी टैरिफ में कोई कटौती नहीं की गई है।

### यूं नुकसान में ....

है। देश में उगाए गए चावल का रंग, स्वाद और बनावट बेहद विशिष्ट है। जिसका अमेरिका के पास कोई समान विकल्प मौजूद नहीं है। इसलिए ये कहना कि भारत अपना चावल अमेरिका में गिराने में लगा हुआ है, बिल्कुल उचित नहीं है। ऐसे में अमेरिका के उपभोक्ता भारत पर कोई एहसान नहीं कर रहे हैं। बल्कि हम उनकी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं।

### सत्या नडेला की ....

बहुत उपयोगी चर्चा हुई। यह जानकर खुशी हुई कि माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अपना सबसे बड़ा निवेश भारत में करने जा रहा है। देश का युवा वर्ग इस अवसर का पूरा लाभ उठाएगा और एआई की ताकत से दुनिया को एक बेहतर दिशा देगा।" मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत तकनीक के क्षेत्र में विश्व नेतृत्व की भूमिका निभाएगा और यह निवेश देश के डिजिटल इकोसिस्टम, स्टार्टअप वातावरण और शोध क्षमताओं को नई ऊर्जा देगा। भारत में एआई के लिए नई संभावनाओं का द्वार यह निवेश भारत में एआई-संबंधित कई प्रमुख क्षेत्रों को गति देगा। डाटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार ही सकेगा।स्थानीय एआई मॉडल्स, भाषा-आधारित मॉडल और सॉवरेन एआई परियोजनाएँ रफ़्तार पकड़ेंगी। स्टूडेंट्स और युवा प्रोफेशनल्स के लिए स्किल-डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू होगा।उद्योगों, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, ऊर्जा में एआई के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी विश्लेषकों का कहना है कि यह निवेश भारत को वैश्विक स्तर पर एआई इनोवेशन हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मुलाकात का व्यापक प्रभावः** सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी और सत्या नडेला के बीच हुई मुलाकात में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, साइबर सुरक्षा, स्टार्टअप सहयोग और सरकार–उद्योग साझेदारी पर भी विस्तृत चर्चा हुई।विशेषज्ञों का अनुमान है कि माइक्रोसॉफ्ट का यह कदम अमेरिकी टेक कंपनियों और वैश्विक निवेशकों को भी भारत की ओर आकर्षित करेगा।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 456 दिनांक 08.12.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**

नाम- धर्मबीर।
पिता का नाम - लख्मीचन्द।
पत्ता - वासी गांव खानपुर कला जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र 72 वर्ष।
कद - 5 फुट 7 इन्च।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले सफेद बाल, काली आँखे, पतला शरीर, आँख के नीचे चोट का निशान है।
पहनावाः- सफेद रंग का कुर्ता-पजामा, भूरे रंग की चादर व पैरों में हरे रंग के जूते पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 07.12.2025 को धर्मबीर पुत्र लख्मीचन्द वासी गांव खानपुर कला जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चला गया हैं। जो अब तक वापिस नही आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना सदर गोहाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना सदर गोहाना 7419410545
अनुसंधानकर्ता मो० न०- 9467773641
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4204/2026/41031/88/7 दि. 09.12.2025



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 20 दिसम्बर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली-छत्तरपुर | |
| 354357000031 | प्रीति प्रीति |
| शाखा का नाम : दिल्ली-द्वारका चौक | |
| 235562002492 | स्वपना अवस्थी |
| शाखा का नाम : दिल्ली-द्वारका सेक्टर-20 | |
| 235762000881 | नीति गुप्ता |
| शाखा का नाम : दिल्ली-ओखला फेज-3 | |
| 182057000015 | सुबोध कुमार |
| शाखा का नाम : दिल्ली-शास्त्री नगर | |
| 388862000879 | प्रेरित चौधरी |
| 388862000818 | प्रेरित चौधरी |
| शाखा का नाम : दिल्ली- टैंक रोड | |
| 410457000026 | रवि राणा |
| शाखा का नाम : दिल्ली- अलकनंदा | |
| 102357000037 | जाकिर हुसैन |
| शाखा का नाम : दिल्ली- महिपालपुर | |
| 347457000030 | शंभु कुमार पांडे |
| शाखा का नाम : दिल्ली- मयूर विहार | |
| 629757007079 | सैयद हैदर अब्बास |
| शाखा का नाम : दिल्ली-पश्चिम विहार बी ब्लॉक | |
| 194657000044 | पवन कुमार |
| शाखा का नाम : दिल्ली- प्रीत विहार | |
| 003762021466 | रीमा सिंह |
| 003757000383 | अंकुश राय |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-अमर कॉलोनी | |
| 540757000012 | अश्वनी द्विवेदी |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-सी.आर. पार्क | |
| 072062003449 | पूनम देवी |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-द्वारका | |
| 025062006513 | मंजीत सिंह |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-द्वारका सैक्टर-7 | |
| 057162004079 | समालेश कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-अशोक विहार | |
| 033157000051 | रमित भण्डारी |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-भजनपुरा | |
| 136057000101 | राजू कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-कम्यूनिटी सेंटर | |
| 004662020203 | मोहम्मद अब्दुल्लाह |
| 004662020946 | मोहम्मद शाहबाज |
| 004662020214 | मोहम्मद शाहबाज |
| 004662020061 | मोहम्मद शाहबाज |
| 004657000386 | अनीश कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-ग्रेटर कैलाश | |
| 002962017645 | माधुरी बाली |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-ग्रीन पार्क | |
| 007157000378 | मोहम्मद खुमैनी |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-करोल बाग | |
| 629162049909 | गोपाल सिंह बिष्ट |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-मोहन कॉऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट | |
| 135757000040 | कपिल देव यादव |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-नेहरू प्लेस | |
| 629457005578 | अनिल |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-न्यू रोहतक रोड | |
| 071562001857 | शलेन्द्र कश्यप |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-पंजाबी बाग | |
| 015557000147 | नीतू महाजन |
| 015557000165 | नीतू महाजन |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-रोहिणी सेक्टर-24 | |
| 082857000026 | विनय शर्मा |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-सफदरजंग एंक्लेव | |
| 032257000041 | चुंगनाओथान जिंगिक |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-सरस्वती विहार | |
| 072462002041 | बीना बीना |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-उत्तम नगर | |
| 112557000025 | शैल्ली ओबेरॉय |
| 112557000026 | आनंद विक्की |
| शाखा का नाम : भुबनेश्वर - साहिदनगर | |
| 242357000004 | राजेश कुमार मोहंती |
| शाखा का नाम : बुधाना | |
| 178357000186 | इमरान राणा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-23ए | |
| 091057000092 | राकेश कुमार जायसवाल |
| शाखा का नाम : मसूरी | |
| 159562000943 | नीरज सिंह |

दिनांक : 10.12.2025
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, शाहदरा, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली

हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style

# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।



हॉलीवुड मसाला

# विलेन के रोल में किया कमाल



**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुईं भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार


**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?' 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।



# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

## अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

## कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।



## इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

## इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

# आपसी समन्वय से करें 'अर्बन-रूरल क्लस्टर की अवधारणा पर काम: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नगरीय निकायों की जिम्मेदारी है कि वे अधोसंरचना विकास के प्रत्येक कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। केवल काम की संख्या नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता और स्थायित्व से अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने नगरीय विकास और ग्रामीण विकास विभाग को आपसी समन्वय से 'अर्बन–रूरल क्लस्टर' की अवधारणा पर काम करने के निर्देश दिए।

डॉ. यादव सोमवार को खजुराहो स्थित कन्वेंशन सेंटर में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- नगरीय विकास के प्रत्येक कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ करें पूरा
- मुख्यमंत्री ने की नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा



नगरीय विकास एवं आवास विभाग की बैठक में निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव। साथ में उपस्थित मंत्री विजयवर्गीय।

### वर्ष 2028 तक पूरे होंगे भोपाल-इंदौर मेट्रो के कार्य

बैठक में आगामी तीन साल की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए तय किया गया कि इंदौर मेट्रो का 6 किमी कॉरिडोर मई 2025 से और भोपाल मेट्रो का 7 किमी कॉरिडोर दिसंबर 2025 से चलेगा। पूरे रूट क्रमशः 2028 तक पूर्ण होंगे और दोनों शहरों में बड़ी राजस्व संभावनाएं बनेंगी।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग 38 शहरों के जीआईएस मास्टर प्लान तैयार करेगा, टीडीआर पोर्टल विस्तार, टीओडी नीति लागू होगी और सिंहस्थ 2028 के लिए एकीकृत मास्टर प्लान आधारित विकास होगा। संस्थागत सुधारों में एकीकृत नपा अधिनियम एक वर्ष में अधिसूचित होगा, सभी संवर्गों का पुनर्गठन अप्रैल 2026 तक, आत्मनिर्भर निकाय प्रोत्साहन के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था होगी।

### मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के कार्य

कार्ययोजना के तहत मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के चरण-4 में 1586 करोड़ के का कार्य पूरे होंगे, चरण-5 में 5000 करोड़ से मास्टर प्लान सड़कों का विकास, मार्च 2026 तक 472 ई-बसें संचालन में आएंगी, बस डिपो-चार्जिंग सुविधा विकसित होगी, नमामि गंगे के नए एसटीपी और शहरों में फ्लाईओवर-पार्किंग विस्तार होंगे। बिरसिंहपुर में 1750 करोड़ की लागत वाला 250 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट पीपीपी मॉडल से स्थापित करेगा। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में 8 बायो-सीएनजी संयंत्र, 36 लाख मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट निपटान, 44 सेनेटरी लैंडफिल, 339 एमआरएफ, कम्पोस्ट यूनिट, 3 सी एंड डी प्लांट और 353 छोटे शहरों में 386 एटीपी बनाए जाएंगे।

### भूमि उपयोग के लिए लागू होगी विशेष रणनीति

तय कार्ययोजना के अनुसार तीन साल में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 6 लाख नए आवास स्वीकृति का लक्ष्य है। एआरएच–एएचपी मॉडल को बढ़ावा और बड़े नगर निगमों में भूमि उपयोग के लिए विशेष रणनीति लागू होगी। अमृत 2.0 में 2025–27 के दौरान 1440 करोड़ की जल परियोजनाएं, 9.99 लाख नल कनेक्शन, 7.90 लाख सीवर कनेक्शन, 420 जल संरचना जीर्णोद्धार, 389 पार्क विकास और एससीएडीए से जल आपूर्ति की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी। पीएम स्वनिधि में 6,71,332 नए ऋण प्रकरण, 289 नए दीनदयाल रसोई केंद्र, 128 आश्रय स्थलों के संचालन-संधारण का प्रावधान होगा।

---

वर्ष 2026 कृषि आधारित क्षेत्रों के उत्थान के लिए समर्पित, भोपाल को मिलेगी मेट्रो की सौगात: सीएम डॉ. यादव

# पूर्व पीएम स्व. वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर प्रदेश में दो लाख करोड़ के कार्यों का होगा भूमिपूजन-लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुन्देलखंड में केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से बुन्देलखंड में सिंचाई, उद्योग, पेयजल के लिए जो जल की कमी थी उसे पूरा किया जाएगा। नदी जोड़ो अभियान के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से सिंचाई, उद्योग के लिए पर्याप्त जलराशि का प्रबंध किया जाएगा। नदी जोड़ो अभियान की प्रगति में मध्यप्रदेश सबसे अग्रणी राज्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड समेत समूचे मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। छतरपुर में ओबेरॉय होटल का शुभारंभ इसी की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में पर्यटन के साथ-साथ खनन एवं मेडिकल के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है।

**खास बातें**

- खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने दी जानकारी
- बुन्देलखंड में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी : सीएम




प्रेसवार्ता में योजनाओं की जानकारी देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव। साथ में उपस्थित मंत्री।

### बुन्देलखंड का विकास एवं उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के माध्यम से बुन्देलखंड का विकास एवं उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड कैसे आगे बढ़े इस पर लगातार सरकार की ओर से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास एवं उत्थान के लिए सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखंड शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सागर में रानी अवंतिबाई महाविद्यालय का निर्माण, छत्रसाल विश्वविद्यालय के लिए धनराशि का आवंटन, पीएम एक्सीलेंस कॉलेजों की स्थापना की गई है। इसी के साथ बुन्देलखंड अंचल में मेडिकल कॉलेज की भी स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष प्रत्येक विद्यार्थी को रोजगार मिले, इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है।

### कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सतत कार्य वर्षभर किए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2026 कृषि के संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के विकास एवं उनके उत्थान के लिए समर्पित होगा। कृषि से आय के साधन बढ़ानेकृषि आधारित उद्योगों की स्थापना, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना समेत सभी कृषिगत औद्योगिक गतिविधियों से कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सतत कार्य वर्षभर किए जाएंगे।

### क्षेत्र विकास के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में कैबिनेट मीटिंग होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार और जनता के बीच दूरी कम करने के लिए अब अलग-अलग क्षेत्रों के विकास के लिए उन्हीं क्षेत्रों में कैबिनेट मीटिंग आयोजित की जाएगी। खजुराहो में आयोजित कैबिनेट बैठक इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय समीक्षा में विगत दो वर्षों के कार्यों की समीक्षा और आने वाले तीन साल के लक्ष्य तय करने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी माह की 21 तारीख को भोपाल नगर को मेट्रो की सौगात दी जाएगी। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर सरकार की ओर से लगभग दो लाख करोड़ के अलग-अलग कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा।

---

# मुख्यमंत्री का फैसला: भूमि संबधी लंबित प्रकरणों के लिए फिर से चलाया जाएगा राजस्व अभियान

*राजस्व अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्रता से करें पूर्ण*

*राजस्व न्यायालय का कार्य प्रशंसनीय, सीएम ने राजस्व विभाग की समीक्षा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों और आम नागरिकों के भूमि-संबंधी लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाभियान एक बार फिर से चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले अभियान में काफी लोगों के काम हुए थे, किंतु ऐसा प्रतित होता है कि अभी भी राजस्व मामले पेंडिंग हैं। ऐसे में अभियान चलाकर इसका निराकरण कराएं। इसमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेखों में सुधार जैसे प्रकरणों का तेजी से और पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को महाराजा कन्वेंशन सेंटर खजुराहो में राजस्व विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 6 माह से अधिक लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। इसके लिए प्राथमिकता से पीठासीन अधिकारियों से संपर्क करें। राजस्व अभिलेखों का डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। नागरिकों को उनकी भूमि का त्वरित नक्शा और विवरणों की उपलब्धता आसान बनाए। इसके लिए वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध करायें।



बैठक में राजस्व मंत्री वर्मा से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### पत्नी की हत्या के बाद ट्रेन से कटकर पति ने भी दे दी जान

रायपुर। खम्हारडीह इलाके में मंगलवार सुबह एक ऐसा मामला सामने आया जिसने पूरे मोहल्ले को स्तब्ध कर दिया। चंडी नगर में रहने वाले राजन गुप्ता ने कथित तौर पर अपनी पत्नी रेखा गुप्ता की जान ले ली और कुछ ही घंटों बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस को शक है कि घरेलू तनाव और लगातार बढ़ रही कलह इस दोहरी त्रासदी की मुख्य वजह रही। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह पति-पत्नी के बीच कहासुनी बढ़ी और बात अचानक हिंसा तक पहुंच गई।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | एरियल अर्थ कंडक्टर (एईसी) का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 3,67,83,521.54/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 3,33,900/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 22.12.2025 (10.30 बजे) से 05.01.2026 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 05.01.2026 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (PH-36) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 34-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक: 08.12.2025 3807/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


---

विकास कार्यों का किया भव्य लोकार्पण

# डिप्टी सीएम ने नपा अम्बिकापुर को दी करोड़ों रुपए की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन तथा लोक निर्माण विकास मंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका अम्बिकापुर क्षेत्र के लिए 82 करोड़ 23 लाख 71 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भव्य लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में सरगुजा तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। केवल 23 महीनों में अम्बिकापुर के शहरी विकास के लिए 209 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया



कि सरगुजा संभाग में लोक निर्माण विभाग से 1737 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिससे पूरे संभाग में सड़कों का कायाकल्प होगा।

साव ने आश्वस्त किया कि विष्णु के सुशासन में प्रदेश सरकार तेजी से विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर शहर को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने हेतु फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही इसका कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

एसडीएम के औचक निरीक्षण में खुलासा

# अवैध रेत खनन व वृक्षों की कटाई का मामला उजागर

▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) पेंड्रारोड, विक्रांत अंचल के नेतृत्व में, ग्राम केंवची में दो अलग-अलग महत्वपूर्ण कार्रवाइयों को अंजाम दिया गया है, जिसमें अवैध रेत खनन और शासकीय भूमि पर वृक्षों की अवैध कटाई का खुलासा हुआ है। इन कार्रवाइयों ने स्थानीय प्रशासन की तत्परता और अवैध गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को पुनः रेखांकित किया है। एसडीएम पेंड्रारोड विक्रांत अंचल ने ग्राम केंवची का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान, ग्राम निवासी बिमलेश मार्को द्वारा अवैध रूप से बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान, लगभग 35 ट्रैक्टर-ट्राली रेत और 3 ट्रॉली गिट्टी को अवैध रूप से भंडारित पाया गया। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस अवैध भंडार को जब्त कर लिया और ग्राम पंचायत सरपंच को सुपुर्दगी में दे दिया। इस कार्रवाई के समय हल्का पटवारी विनोद राठौर, ग्राम कोटवार, सरपंच और ग्रामवासी भी मौके पर उपस्थित थे। यह घटना क्षेत्र में अवैध रेत खनन और भंडारण की समस्या को उजागर करती है। इसी ग्राम केंवची में एक और गंभीर मामला सामने आया, जहां ग्राम के ही निवासी पंचरत्न जैन ने शासकीय भूमि पर लगे पुराने सेमरा वृक्ष को अवैध रूप से काटा। काटी गई लकड़ी को वाहन क्रमांक सीजी 10 आर 0870 में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था।

---

सीएम डॉ. मोहन ने की औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा

# मप्र के बीड़ी श्रमिकों को मुख्यधारा के रोजगार से जोड़ा जाए: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के बीड़ी श्रमिकों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वन विभाग से समन्वय कर समुचित समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मप्र के तेंदूपत्ता से पश्चिम बंगाल में बीड़ी उद्योग फल-फूल रहा है और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। राज्य के तेंदूपत्ता संग्राहकों और बीड़ी बनाकर आजीविका चलाने वाले हजारों परिवारों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तेंदूपत्ता मप्र की संपत्ति है। इससे मिलने वाला रोजगार यहीं के लोगों को मिलना चाहिए। बीड़ी श्रमिकों को फिर से रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को खजुराहो में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीड़ी बनाने वाले परिवारों को लगातार और बेहतर काम उपलब्ध कराया जाएगा। महिलाओं के रोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि तेंदूपत्ता आधारित बीड़ी उद्योग से जुड़ा हर परिवार सम्मानजनक और स्थायी आय प्राप्त करे। राज्य की वन उपज का लाभ अब सीधे हमारे ही श्रमिकों को मिले।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन। साथ में मौजूद मंत्री काश्यप।

### परिवारों के जीवन में फिर से उजाला लाने का प्रयास

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह पहल उन सभी परिवारों के जीवन में फिर से उजाला लाने की दिशा में एक ठोस कदम होगा, जो वर्षों से तेंदूपत्ता और बीड़ी निर्माण से जुड़े रहकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान देते आए हैं। निवेश आकर्षण में सफलता, जीआईएस और आरआईसी के माध्यम से 12.70 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव। पिछले दो वर्षों में 327 एमएसएमई और बृहद इकाइयों में उत्पादन प्रारम्भ, 40,516 रोजगार सृजित की जाएगी।

### निवेश उपलब्धियां

2.48 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को भूमि आवंटन, 2.85 लाख रोजगार संभावित। 229 इकाइयों में निर्माण प्रारम्भ, 81,206 रोजगार संभावित। साधिकार समिति द्वारा 105 प्रकरणों का त्वरित समाधान। 18,685 करोड़ रुपए के 43 प्रोजेक्ट्स को कस्टमाइज्ड पैकेज स्वीकृत, 21,835 रोजगार संभावित।


**← रेलयात्री कृपया ध्यान दें! →**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों की संख्या मे वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी सं. 02396 आनंद विहार ट.-पटना जं. विशेष रेलगाड़ी | 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 02396 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02396 प्रस्थान |
|---|---|---|
| आनंद विहार ट. | ---- | 19.00 |
| पटना जं. | 14.00 | ---- |

चलने के दिन: 02396 आनंद विहार ट. से दिनांक 10.12.2025 (बुधवार) को।
ठहराव: गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉकी) एवं शयनयान

**रेलगाड़ी सं. 02309/02310 पटना जं.-आनंद विहार ट.-पटना जं. विशेष रेलगाड़ी | 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02309 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02309 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02310 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02310 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20.30 | पटना जं. | 14.00 | ---- |
| 15.00 | ---- | आनंद विहार ट. | ---- | 19.00 |

चलने के दिन : 02309 पटना जं. से दिनांक 10.12.2025 (बुधवार) को एवं 02310 आनंद विहार ट. से दिनांक 11.12.2025 (वीरवार) को।
ठहराव : दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. और गोविंदपुरी स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. (इकोनॉकी)

**रेलगाड़ी सं. 05566 आनंद विहार ट.-दरभंगा जं. विशेष रेलगाड़ी | 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 05566 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05566 प्रस्थान |
|---|---|---|
| आनंद विहार ट. | ---- | 00.05 |
| दरभंगा जं. | 23.00 | ---- |

चलने के दिन: 05566 आनंद विहार ट. से दिनांक 11.12.2025 (वीरवार) को।
ठहराव: गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन
स्थान : 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉकी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05563/05564 दरभंगा जं.-आनंद विहार ट.-दरभंगा जं. विशेष रेलगाड़ी | 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05563 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05563 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05564 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05564 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18.15 | दरभंगा जं. | 23.00 | ---- |
| 21.15 | ---- | आनंद विहार ट. | ---- | 00.05 |

चलने के दिन : 05563 दरभंगा जं. से दिनांक 10.12.2025 (बुधवार) को एवं 05564 आनंद विहार ट. से दिनांक 12.12.2025 (शुक्रवार) को।
ठहराव : समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, प्रयागराज जं. एवं गोविंदपुरी स्टेशन
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 01181 लोकमान्य तिलक ट.-बनारस विशेष रेलगाड़ी | 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 01181 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01181 प्रस्थान |
|---|---|---|
| लोकमान्य तिलक ट. | ---- | 08.25 |
| वाराणसी जं. | 15:25 | 15:35 |
| बनारस | 16.05 | ---- |

चलने के दिन: 01181 लोकमान्य तिलक ट. से दिनांक 11.12.2025 (वीरवार) को।
ठहराव: कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं वाराणसी स्टेशन
स्थान : 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 05030 आनंद विहार ट.-बनारस विशेष रेलगाड़ी | 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 05030 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05030 प्रस्थान |
|---|---|---|
| आनंद विहार ट. | ---- | 12.20 |
| बनारस | 04.15 | ---- |

चलने के दिन: 05030 आनंद विहार ट. से दिनांक 10.12.2025 (बुधवार) को।
ठहराव: गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं. और ज्ञानपुर रोड स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. (इकोनॉकी)

**रेलगाड़ी सं. 06192 तिरूवनंतपुरम सेंट्रल-चण्डीगढ़ विशेष रेलगाड़ी | 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 06192 आगमन | रेलगाड़ी सं. 06192 प्रस्थान |
|---|---|---|
| तिरूवनंतपुरम सेंट्रल | ---- | 07.45 |
| चण्डीगढ़ | 04:00 | ---- |

चलने के दिन: 06192 तिरूवनंतपुर सेंट्रल से दिनांक 10.12.2025 (बुधवार) को।
ठहराव: कोल्लम जं., कायनकुलम जं., चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, चंगनासेरी, कोट्टायम, एर्नाकुलम टाउन, अलुवा, त्रिशूर, शोरानूर जं., तिरुर, कोझिकोड, कन्नूर, कासरगोड, मैंगलोर जं., उडुपी, कुंडापुरा, मूकाम्बिका रोड बिंदूर (एच), कारवार, मडगांव जं., थिविम, रत्नागिरी, चिपलून, रोहा, पनवेल, वसई रोड, उधना जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., मथुरा जं., हजरत निजामुद्दीन जं., गाजियाबाद, मेरठ सिटी, सहारनपुर जं. एवं अम्बाला छावनी जं. स्टेशन
स्थान : 3 टियर वाता. (इकोनॉकी), शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04462/04461 नई दिल्ली-हावड़ा जं.-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस | 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04462 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04462 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04461 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04461 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18.15 | नई दिल्ली | 08.20 | ---- |
| 23.30 | ---- | हावड़ा जं. | ---- | 01.30 |

चलने के दिन : 04462 नई दिल्ली से दिनांक 10.12.2025 (बुधवार) को एवं 04461 हावड़ा जं. से दिनांक 12.12.2025 (शुक्रवार) को।
ठहराव : गाजियाबाद, अलीगढ जं., टुंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह एन रोड, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्धमान एवं बंडेल स्टेशन
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

**रेलगाड़ी सं. 04006/04005 हज़रत निज़ामुद्दीन-बान्द्रा ट.-हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस | 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04006 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04006 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04005 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04005 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 13.35 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 11.10 | ---- |
| 11.00 | ---- | बान्द्रा ट. | ---- | 14.40 |

चलने के दिन : 04006 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 11.12.2025 (वीरवार) को एवं 04005 बान्द्रा ट. से दिनांक 12.12.2025 (शुक्रवार) को।
ठहराव : कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत एवं बोरीवली स्टेशन
स्थान : प्रथम वाता, प्रथम वाता सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

**रेलगाड़ी सं. 04034/04033 नई दिल्ली-साबरमती बीजी-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस | 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04034 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04034 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04033 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04033 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23.00 | नई दिल्ली | 13.40 | ---- |
| 16.30 | ---- | साबरमती बीजी | ---- | 19.00 |

चलने के दिन : 04034 नई दिल्ली से दिनांक 10.12.2025 (बुधवार) को एवं 04033 साबरमती बीजी से दिनांक 11.12.2025 (वीरवार) को।
ठहराव : रेवाडी जं., अलवर जं., जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, आबू रोड एवं पालनपुर जं. के स्टेशन
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# अब चावल के बहाने नए टैरिफ की तैयारी में ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब चावल के बहाने भारत पर नया टैरिफ थोपने की तैयारी में हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि कितना टैरिफ लगाया जा सकता है। उनके इस कदम से लगता है कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से बौखलाए हुए हैं। इसलिए उन्होंने भारत पर फिर नया टैरिफ लगाने की बात कर दी। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान 12 बिलियन डॉलर की फार्म सब्सिडी की घोषणा करते हुए कहा कि वे भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देशों से 'डंपिंग' की जा रही चावल की समस्या का समाधान करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा कनाडा से आने वाली खाद पर भी अमेरिका एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। इसके पीछे लॉजिक दिया जा रहा है कि वे अपने किसानों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप अगर भारतीय चावल पर टैरिफ लगाते हैं तो इससे चावल अमेरिका भेजना मुश्किल होगा। ऐसे में किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। भारत के लिए ट्रंप की यह चेतावनी उस समय पर आई है, जब नई दिल्ली व वाशिंगटन के साथ एक बड़े व्यापार समझौते की कोशिश में है। हालांकि अभी तक इसमें कोई खास सफलता नहीं मिल पाई है। अमेरिका ने अगस्त में व्यापार बाधाओं और रूस से तेल खरीदने के कारण भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाया था। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान की विशेषज्ञों ने कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यात पर बहुत असर नहीं पड़ेगा, उल्टे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ जाएगा, क्योंकि अमेरिका में भारतीय चावल की मांग पूरी तरह उपभोक्ता की पसंद से तय होती है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा है कि यह ट्रंप सरकार की कोई नीति नहीं है, बल्कि उनकी धमकी राजनीति का हिस्सा है। यह कोई नई बात नहीं है। अमेरिका पहले भी ऐसा करता आया है। अमेरिका भारत पर कोई एहसान नहीं कर रहा। मांग खुद बाजार से पैदा होती है। अगर टैरिफ बढ़ाया जाता है, तो नुकसान अमेरिका को ज्यादा होगा, भारत को नहीं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह बयान चुनाव से पहले अमेरिकी किसानों को लुभाने की रणनीति है। थिंक टैंक ने कहा, यह धमकी पॉलिटिक्स है, पॉलिसी नहीं। जीटीआरआई ने कहा कि अगर अमेरिका ने टैरिफ को बढ़ाया भी, तो उसका भारतीय निर्यात पर सीमित ही असर होगा, क्योंकि भारत के चावल की मांग वैश्विक स्तर पर मजबूत है, खासकर अमेरिका में। बढ़े हुए दामों का असर अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, क्योंकि वे भारतीय बासमती और प्रीमियम चावल पर निर्भर हैं। इसलिए भारत को अमेरिका की इस धमकी से घबराने की जरूरत नहीं है। बता दें कि भारत दुनिया का सबसे ज़्यादा चावल उत्पादक और नंबर वन निर्यातक देश भी है। भारतीय चावल निर्यातक संघ के मुताबिक़ भारत सालाना 15 करोड़ मीट्रिक टन चावल का उत्पादन करता है जो दुनिया भर के चावल उत्पादन का 28 प्रतिशत है। 2024-25 में भारत दुनिया भर में सबसे ज़्यादा चावल निर्यात करने वाला देश रहा। इस दौरान दुनिया भर के कुल चावल निर्यात का 30.3 प्रतिशत हिस्सा भारत का रहा। चावल उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर चीन है। उसका सालाना चावल उत्पादन क़रीब 14 करोड़ मीट्रिक टन है। इस सूची में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैंड और पाकिस्तान का नाम भी शामिल है। भारत में बासमती, सबसे ज़्यादा निर्यात की जाने वाली चावल की किस्मों में से एक है। अमेरिका में भारत के चावल की मांग तेजी से बढ़ी है। आईआरईएफ के आंकड़ों के मुताबिक 2024–2025 में भारत ने अमेरिका को 274,213.14 मीट्रिक टन बासमती चावल निर्यात किया, जिसकी कुल कीमत 337.10 मिलियन डॉलर रही। अमेरिका भारत के बासमती चावल का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। वहीं, इसी दौरान 54.64 मिलियन डॉलर मूल्य के 61,341.54 मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल अमेरिका को भेजे गए, जो इस श्रेणी में 24वां सबसे बड़ा बाजार है।

चिंता

डॉ. मोनिका शर्मा



# जीवन पर भारी स्त्री सम्मान की रक्षा

महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी या दुर्व्यवहार को लेकर आवाज़ उठाने के कारण अपने ही नहीं सज्जनता दिखाने वाले अपरिचित भी जान गंवा रहे हैं। जिस समाज में राह चलते किसी बहू बेटी के साथ बदसलूकी करने पर मुखर विरोध दर्ज कराने का चलन रहा है, वहां, भाई, पिता, पति से लेकर किसी अनजान व्यक्ति तक के लिए भी कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को रोकना-टोकना मुश्किल हो गया है। हाल ही में हरियाणा के भिवानी में एक वैवाहिक समारोह में हुई कहासुनी के चलते राष्ट्रीय स्तर के पैरा पावरलिफ्टर रोहित धनखड़ की जान ले ली गई। जूनियर और सीनियर पैरा नेशनल मेडल जीत चुके इस युवा चेहरे के जीवन पर शादी कार्यक्रम के दौरान लड़कियों से छेड़खानी का विरोध करना भारी पड़ा। वस्तुतः, ऐसा हर वाकया समग्र समाज के लिए चिंतनीय है। हर परिवार के लिए पीड़ादाई है। सवाल यह है कि आखिर आसामाजिक तत्वों का यह जानलेवा दुस्साहस कैसे बढ़ रहा है? क्या समाज, परिवार या परिवेश में दिखते नकारात्मक बर्ताव को चुपचाप बर्दाश्त का लेने का ही रास्ता बचा है? वैवाहिक समारोह तो मेलजोल का अवसर होते हैं। सामाजिक जुड़ाव को बल देने वाले आयोजन माने जाते हैं। संस्कार और मानवीय मूल्यों को पोसने का अवसर होते हैं। ऐसे में शादी समारोह में लड़कियों के साथ बेहूदगी करने पर टोकने को लेकर हुई बहस भर से एक युवा को पीट-पीटकर बेरहमी से मार डालने की घटना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। युवाओं के व्यवहार में जगह बनाती विकृति समझ और बर्बर बर्ताव की भी बानगी है। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से कानूनी लचरता के चलते कुछ भी करके बच निकलने के भरोसे का उदाहरण तो है ही।

विडम्बना यह भी है कि ऐसी घटनाओं में देश के किसी संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक का जीवन छिन जाता है। इन्हीं दिनों बागपत में एक छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ का विरोध जताने और बेटी का बचाव करने वाले पिता को बेरहमी से पीटा गया है। सोनभद्र में हुई एक घटना में पत्नी पर अश्लील टिप्पणी करने का विरोध करने वाले पति को बेरहमी से पीटा गया। सहारनपुर पत्नी के साथ हुई छेड़छाड़ से आहत होकर पति ने आत्महत्या कर ली । बाजार, सड़क, आस-पड़ोस और सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों तक में देश एक हर हिस्से से ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। बावजूद इसके इन घटनाओं की शिकायत को भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। ऐसे अधिकतर मामलों में किसी युवती के जान दे देने या बचाव में आए व्यक्ति के साथ अपराध होने के बाद कोई कार्रवाई की जाती है। दुःखद यह है कि इस कुत्सित और क्रूर प्रवृत्ति के लिए कठोर दंड ना मिलने से दूसरे लोगों का भी दुस्साहस बढ़ता है। यहां तक कि ऐसे आपराधिक तत्वों को लेकर अगर किसी जागरूक परिवार द्वारा शिकायत दर्ज करवा दी जाय तो भी असुरक्षा और जानलेवा हमले ही परिवारजनों के हिस्से आते हैं। इतना ही नहीं छेड़खानी से तंग आकर हर साल कितनी ही लड़कियां आत्महत्या तक कर लेती हैं। हाल ही में विदिशा में एक किशोरी ने छेड़छाड़ से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। बरेली में सोलह वर्षीय लड़की ने छेड़खानी से परेशान से तंग आकार जान दे दी। सवाल यह है कि क्या इस बेहूदगी का विरोध ना किया जाए? अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाले इस दुर्व्यवहार को बेटियां और उनके परिवार चुपचाप सहते रहें? लेकिन ऐसा कब तक इस दुर्व्यवहार को देख-सुनकर मानवीय भाव समझने वाला कोई अपरिचित भी मूक बना रहे? आज भी हमारे परिवेश में स्त्री सम्मान को लेकर सब कुछ सहो, कुछ ना कहो की दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियां बनी हुई हैं। छेड़खानी हो या कोई बर्बर अपराध, अपने-पराए या स्वयं महिलाएं भी अपना मान बचाने के लिए हिम्मत दिखाएँ तो जीवन ही छीन लिया जाता है। फिर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति तो और चिंतनीय है। ऐसे वाकये पारिवारिक मोर्चे पर रीत रहे समझ-संस्कार की कटु हकीकत भी सामने रखने वाले हैं। समाज-परिवार में यह प्रश्न उठना लाजिमी है कि ऐसे बेटे और पुरुष किन घरों से आते हैं, जो इतनी हिमाकत करते हैं? कानूनी मोर्चे पर भी देर-सवेर आरोपियों को राहत मिल जाना भी समाज का मनोबल तोड़ता है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# बदलते बस्तर में विरासत को भी होगा सहेजना




विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते चार दशकों से लाल आतंक का गढ़ समझे जाने वाला बस्तर अब माओवादी हिंसा से मुक्ति के कगार पर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगले साल 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद के खात्मे की मियाद तय करते ही सुरक्षाबलों ने माओवादियों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चला रखा है जिसके अब आशाजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों की सूची में शीर्ष छत्तीसगढ़ में माओवादी हिंसा से निबटना हर सरकार के लिए बड़ी चुनौती रही है। साल 2023 में विष्णुदेव साय की सरकार बनने और 2024 में मोदी 3.0 सरकार के गठन के बाद डबल इंजिन सरकार ने छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन की दिशा में दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। आंकड़ों के मुताबिक बीते तेरह महीनों के दौरान जहां 477 नक्सली मारे गए तथा 1785 गिरफ्तार किए गए हैं वहीं 2100 से ज्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सली उन्मूलन में जुटे सुरक्षा बलों को सबसे बड़ी कामयाबी दुर्दांत माड़वी हिड़मा और बसवराजू जैसे टॉप नक्सली लीडर को मारे जाने से मिली है। एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की मानें तो बस्तर में अब महज 100-150 हथियार बंद माओवादी बचे हैं जिनका सफाया नजदीक है।

इधर लाल आतंक का दंश झेल रहे बस्तर में लौटती शांति और बदलाव के बीच टीवी न्यूज चैनलों से लेकर सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों से लेकर बौद्धिक वर्ग और नागरिक समुदायों के मध्य बहस-मुबाहिसों का दौर जारी है। देश में एक वर्ग ऐसा भी है जो मानवाधिकार और बस्तर के जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के आड़ में माओवादियों का हिमायती है। दरअसल यह वह विचारधारा है जो सुरक्षाबलों के हाथों नक्सलियों के मारे जाने पर इसे फर्जी मुठभेड़ बताते हुए अपनी छाती पीटने लगते है लेकिन नक्सलियों के बारूदों से सुरक्षाबलों के चिथड़े उड़ने और बेकसूर आदिवासियों के सरेआम गला रेतने पर चुप्पी साध लेते है। सोशल मीडिया किसी दुर्दांत अपराधी को कैसे महिमा मंडित कर सकता है? इसकी बानगी खूंखार माओवादी माड़वी हिड़मा है जिस पर 26 से भी ज्यादा सशस्त्र हमलों में सौ से भी ज्यादा सुरक्षाबलों, राजनेताओं और निरीह आदिवासियों के हत्या का आरोप था। आतंक, दहशत और मौत के पर्याय 1 करोड़ 80 लाख के इनामी नक्सली हिड़मा के मारे जाने पर सोशल मीडिया में उसे 'शहीद' बताने और उसकी तुलना अमर शहीद बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सरदार भगतसिंह और सुखदेव जैसे क्रांतिकारियों से करने की होड़ मची हुई थी। इधर दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदूषण के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान चंद युवाओं द्वारा हिड़मा अमर रहे का नारा लगाते और नक्सलियों के कथित जनताना सरकार के तारीफों के कसीदे पढ़ते देखे गए जो इन युवाओं के भटकाव को इंगित करता है। अलबत्ता जब बुद्धि पर भावना हावी होती है तभी लोगों को खूंखार आतंकी अफजल और हिड़मा में नायकत्व दिखाई देता है जबकि ऐसे लोग समाज के लिए नासूर हैं।



ऐसा नहीं है कि सरकारों ने आदिवासी इलाकों के विकास और आदिवासियों के कल्याण के लिए कोई जतन नहीं किया लेकिन इसमें सबसे बड़े रोड़ा नक्सली ही बने हुए थे। बहरहाल केंद्र और राज्य के वर्तमान सरकारों ने इस हालात को महसूस करते हुए माओवादियों के आत्मसमर्पण और पुनर्वास के लिए साकारात्मक कदम उठाया। दूसरी ओर राज्य सरकार ने बस्तर के समग्र विकास और आम आदिवासियों का भरोसा जीतने के लिए 'नियद नेल्ला नार' जैसी योजना भी लागू की। दूसरी ओर नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में जहां सुरक्षा व्यवस्था और इंटेलिजेंस को मजबूत किया गया वहीं इन इलाकों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति भरोसा जगाने के लिए चुनावों के दौरान व्यापक इंतजाम किए गए। सरकार के इन प्रयासों का ही प्रतिफल है कि इस इलाके में 'थ्री- डी' यानि डेवलपमेंट, डेमोक्रेसी और डिफेंस ने माओवादियों को घूंटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया है।

गौरतलब है कि माओवादी हिंसा का शिकार सभी राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता हुए हैं लेकिन कुछ विपक्षी नेता, पत्रकार और एक्टिविस्ट केंद्र सरकार पर लगातार आरोप लगा रहे हैं कि नक्सलवाद के खात्मे के आड़ में सरकार की असल मंशा इन क्षेत्रों के बेशकीमती खनिज और प्राकृतिक संसाधनों को कार्पोरेट घरानों को सौंपना है। सियासी दलों और एक्टिविस्टों के इस नरेटिव ने ही आदिवासियों की नयी पीढ़ी में उनके विरासत और जमीन के लिए बेचैनी बढ़ा दी है। युवाओं में पनप रहे इस बेचैनी का फायदा माओवादियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली विचारधारा उठा रही है। नक्सलियों के प्रति सहानुभूति का असर सोशल मीडिया पर भी दिखाई दिया युवा यूजर्स जो अधिकांश आदिवासी समुदाय के थे हैशटैग 'लाल सलाम हिड़मा' मुहिम चला रहे थे। ये युवा अमर शहीद बिरसा मुंडा के 'उलगुलान' नारों के साथ हिड़मा को बस्तर के जल, जंगल और जमीन का असली संरक्षक बताते हुए सवाल उठा रहे थे कि अब बस्तर की प्रकृति की रक्षा कौन करेगा? युवा ही किसी देश और समाज के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव के ध्वजवाहक होते हैं लिहाजा सरकार और समाज को इन युवाओं के मन में उठ रहे सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान करना होगा। यह भी सच है कि अफजल और हिड़मा जैसे दुर्दांत अपराधी युवाओं के रोल मॉडल नहीं बन सकते।


बहरहाल बस्तर में हो रहे बदलाव में आदिवासियों को भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। यह ध्रुव सत्य है कि विकास की मुख्यधारा से अछूते आदिवासियों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिये मजबूत अधोसंरचना, बिजली और संचार सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। दशकों से विकास की बाट जोह रहे आदिवासी समुदाय का विकास तभी संभव है जब समाज के अंतिम व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, पेयजल, आवास और अधोसंरचना की उपलब्धता सुनिश्चित हो।बस्तर जैसे दुर्गम और सघन वनांचल में अधोसंरचना विकास के लिए जंगलों और पहाड़ों को काटने और नदी-नालों को बांधने की दरकार होगी लिहाजा स्थानीय लोगों को इसके लिए सहमत भी होना होगा। बेशक आज के दौर में रोजगार के लिए उद्योग की जरूरत है लेकिन बस्तर में औद्योगिकीकरण के लिए सरकार के नीति नियंताओं को प्रकृति और आदिवासी संस्कृति तथा परंपराओं को विमर्श में लाना होगा।

देश में नक्सली समस्या का स्थायी समाधान और बस्तर में शांति के लिए आदिवासियों के साथ निरंतर संवाद के साथ उन्हें विकास में सहभागी बनाना आवश्यक है। इसमें दोराय नहीं कि सरकारों ने आदिवासियों के कल्याण के लिए सैकड़ों योजनाएं और कानून लागू किए हैं बावजूद वे आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं जिसके लिए नक्सलियों के साथ आदिवासी समाज में व्याप्त अशिक्षा, गरीबी और अंधविश्वास जैसे अनेक कारण जिम्मेदार हैं। आदिवासी विकास के विरोधी नहीं हैं बल्कि वे ऐसा विकास चाहते हैं जिसमें उनकी सदियों पुरानी साझा विरासत जल, जंगल, जमीन और लोक-संस्कृति और परंपरा का अस्तित्व सुरक्षित रहे। बस्तर में लौटती शांति के बीच अब यह उम्मीद भी जगी है कि अब यहां गोलियों की तड़तड़ाहट और बमों के धमाकों की जगह यहां की सुरम्य वादियों में मांदर की थाप और मंजीरे की झनकार के साथ कर्मा, गौर, पंडुम, मांदरी, हुल्की और ककसार का थिरकन सुनाई देगा। मांस की लोथड़े की गंध की जगह साल, सरई, सागौन, महुआ, सल्फी, तेंदू की मादक सुगंध बस्तर की हवा में शांति की मादकता घोलेगी।

माओवादी हिंसा की अभिशाप से मुक्त हो रहे बदलते बस्तर की बात करें तो यहां पर्यटन उद्योग की आपार संभावनाएं हैं। बस्तर में अनेक बेहतरीन स्पॉट हैं जो सिनेमा उद्योग को आकर्षित कर सकते हैं इसके अलावा यहां के लौह, काष्ठ- बांस और मिट्टी शिल्प के क्षेत्र में उद्योग और व्यापार की अपार संभावनाएं हैं नीति नियंताओं को बस्तर की भौगोलिक संरचना और आदिवासी संस्कृति और विरासत के मद्देनजर यहां 'ईको फ्रेंडली' उद्योग की स्थापना की दिशा में अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और उनका कौशल उन्नयन हो।

गौरतलब है कि विभिन्न आदिवासी संगठनों सहित आदिवासी नेताओं की लंबे समय से यह मांग रही है कि छत्तीसगढ़ में पेसा कानून लागू किया जाए। राज्य में साल 2022 से यह कानून लागू किया गया है पर इस कानून के अमल में निष्पक्षता और पारदर्शिता पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। दरअसल भारत के संविधान में अनुसूचित जनजातियों को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून का प्रावधान किया है जिसके तहत राज्यपालों को विशेष शक्तियां प्राप्त है। हालांकि वर्तमान सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि राज्य में पेसा कानून के अमल पर सख्ती बरती जाएगी। बहरहाल बस्तर में लौटती शांति के बीच यह जरूरी है कि इस इलाके में आदिवासी विरासत को सहेज कर ही विकास का खाका खींचा जाए आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का भी ध्येय 'विरासत और विकास' है।

## आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाएं



संकलित

दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

## महिमा राम नाम की



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आशा की किरण है यह बिल

सांसद सुप्रिया सुले द्वारा लोकसभा में पेश किया गया राइट टू डिसकनेक्ट बिल 2025 देश के करोड़ों कर्मचारियों के लिए आशा की किरण लेकर आया है। यह बिल कहता है कि ऑफिस समय के बाद कोई भी कर्मचारी अपने बॉस, मैनेजर या संस्थान के कॉल, ईमेल, मैसेज या किसी डिजिटल निर्देश का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं होगा। यदि यह कानून बनता है, तो भारत की कार्य–संस्कृति में एक ऐतिहासिक परिवर्तन संभव है। लेकिन इसका विरोध, इसकी चुनौतियां, इसका व्यावहारिक पक्ष और इसका सामाजिक प्रभाव– ये सभी उतने ही महत्त्वपूर्ण सवाल हैं, जिनका विश्लेषण करना ज़रूरी है। आज यह एक प्रशासनिक या तकनीकी मुद्दा मात्र नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संकट से जुड़ा विषय है।

*–मनोज जोशी, बिलासपुर*

### ट्रेंड

#### जल्द सार्थक परिणाम आएंगे



सरकार अमेरिका के टैरिफ उपायों के भारतीय निर्यात पर असर को कम करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई जा रही है। जल्द इसके सार्थक परिणाम आने शुरू हो जाएंगे। **-जितिन प्रसाद, वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री**

#### हमारे पास अधिकार नहीं



क्या हम कोई क्षेत्र छोड़ने पर विचार कर रहे हैं? क़ानून के अनुसार, हमारे पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है। यूक्रेन के क़ानून, हमारे संविधान, अंतरराष्ट्रीय क़ानून और, सच कहूं तो, हमारे पास नैतिक अधिकार भी नहीं है।' **-वोलोदिमीर जेलेंस्की, राष्ट्रपति यूक्रेन**

#### 23 अरब डॉलर का निवेश



माइक्रोसाफ्ट एआई में भारत में 23 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह माइक्रोसाफ्ट द्वारा इस साल की शुरुआत में घोषित तीन अरब डॉलर के निवेश पर आधारित है। इससे कंपनी को भारत में सबसे बड़ी क्लाउड मौजूदगी मिलेगी, जिसमें पहला डेटा सेंटर 2026 के मध्य में चालू हो जाएगा। **-सत्या नडेला, सीईओ, माइक्रोसाफ्ट**

#### विकास पथ तैयार करना होगा



21वीं सदी में भारत की संप्रभुता, प्राकृतिक संसाधनों एवं ऊर्जा प्रणालियों पर उसके नियंत्रण पर निर्भर करेगी। भारत को एक ऐसे विश्व में, जहां राष्ट्रीय आत्म-संरक्षण और वैश्विक गठबंधनों में दरार बढ़ती जा रही है, अपना विकास पथ स्वयं तैयार करना होगा।' **-गौतम अदाणी, चेयरमैन, अदाणी समूह**

### करंट अफेयर

## हम 'क्वाड' के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं : रुबियो



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका 'क्वाड' के प्रति 'पूरी तरह प्रतिबद्ध'' है तथा आने वाले वर्षों में इस समूह को और मजबूत करेगा। 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह है। रुबियो ने सोमवार को कहा, 'हम क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जापान और भारत के साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाने के लिए और काम करेंगे...।' ऑस्ट्रेलिया– अमेरिका मंत्रिस्तरीय वार्ताओं से पहले उन्होंने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स तथा ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग की मौजूदगी में विदेश मंत्रालय में संयुक्त बयान देते हुए यह बात कही। रुबियो के अनुसार, इस साल जनवरी में विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक उनकी पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने कहा, 'मेरे नाम पर मुहर लगी, मैंने नीचे शपथ ली और सीधे इसी लिफ्ट से ऊपर आकर इस कमरे में पहुंचा। विदेश मंत्री के रूप में मेरा पहला कार्यक्रम यहीं इसी कमरे में क्वाड के साथ हुआ था।' रुबियो ने कहा, जहां तक मुझे याद है, इस साल हमारी कम से कम तीन बैठकें हुई हैं।

### ऑफ बीट

## महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

राज्यसभा के नेता नड्डा ने खरगे पर किया बड़ा हमला

# राज्यसभा में उच्चस्तरीय बहस चल रही, आप मुद्दे से भटकाने का प्रयास न करें, सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा को तैयार

*नड्डा ने कहा कि दलित आदरणीय है, हम उनका ध्यान में रखते है। हमारी सरकार में जितना दलितों का भला हुआ है कभी नहीं हुआ। कांग्रेस सरकारों ने कुछ नहीं किया*




*राष्ट्रगीत से भटकाने का क्या अर्थ, आप बात करें*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेता सदन जेपी नड्डा ने खरगे के भाषण में विषय से हटने का आरोप लगाते हुए आपत्ति व्यक्त की। खरगे ने कहा कि दलितों से नफरत क्यों, वो भी भारत माता के पुत्र हैं। उनकी समस्या यहां रखना गलत है क्या? इस पर नड्डा ने कहा कि दलित आदरणीय हैं, हम उनका ध्यान में रखते हैं। हमारी सरकार में जितना दलितों का भला हुआ है कभी नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि खरगे से निवेदन है, राज्यसभा में उच्च स्तरीय बहस चल रही थी, उसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। नड्डा ने कहा कि आपने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की थी, हमने की.. लेकिन आपको मुंह की खानी पड़ी। वंदे मातरम पर चर्चा चल रही है, उससे भटकाने का क्या अर्थ है?

## गुलामी की जंजीरों को तोड़ा

नड्डा ने कहा कि यह वंदे मातरम का गान, गीत यह भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने का नारा बना था। आजादी के उद्घोष का नारा बन चुका था। नड्डा ने कहा कि दोनों सदनों में चर्चा से, इसके गौरव गान से हमारे बच्चे, किशोर, युवा और आने वाली कई पीढ़ियां वंदे मातरम के महत्व को समझेंगी और उसे राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार भी बनाएगी।

## हमारी सरकार ने दलितों का कल्याण किया



संसद में वंदे मातरम पर बोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह

इस पर नेता सदन जेपी नड्डा ने खरगे के भाषण में विषय से हटने का आरोप लगाते हुए आपत्ति व्यक्त की। चर्चा के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि दलितों से नफरत क्यों, वो भी भारत माता के पुत्र हैं। उनकी समस्या यहां रखना गलत है क्या? इस पर नड्डा ने कहा कि दलित आदरणीय हैं, हम उनका ध्यान में रखते हैं। हमारी सरकार में जितना दलितों का भला हुआ है कभी नहीं हुआ।

## ऑपरेशन सिंदूर पर आपको मुंह की खानी पड़ी

नड्डा ने कहा कि खरगे से निवेदन है, राज्यसभा में उच्च स्तरीय बहस चल रही थी, उसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। नड्डा ने कहा कि आपने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की थी, हमने की.. लेकिन आपको मुंह की खानी पड़ी। वंदे मातरम पर चर्चा चल रही है, उससे भटकने का क्या अर्थ है?

## कांग्रेस सुरक्षा से खिलवाड़ न करे

### *बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों पर सख्ती जारी रहेगी*

चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद जायसवाल ने कहा कि एसआईआर लागू होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कांग्रेस से आग्रह किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा और घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार का समर्थन करे।

## विपक्ष अभी भी बाबर और बाबरी की राजनीति कर रहा: राधामोहन

भाजपा सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने विपक्ष पर



हिंदुओं को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक नेता ने दूसरे सदन में बयान दिया कि हिंदू 24 घंटे हिंसा और नफरत फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि देश का बंटवारा धर्म के आधार पर हुआ था और कांग्रेस आज भी हिंदुओं को अपमानित करने की राजनीति करती है। उन्होंने विपक्ष पर 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी नेता भारत को देश नहीं बल्कि यूनियन ऑफ स्टेट्स बताते हैं। विपक्ष अभी भी बाबर और बाबरी मस्जिद की राजनीति करता है।

राजीव का जिक्र कर किया हमला

## दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति किसने की?

पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी



के सांसद और वरिष्ठ नेता डॉ. संजय जायसवाल ने चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान पूर्व चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। संसद में उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की हत्या के बाद जब कांग्रेस ने उनकी अस्थियों के साथ देशभर में यात्रा निकाली थी, उस दौरान चुनाव आयोग वोट चोरी रोकने में नाकाम रहा। उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषण के कार्यकाल के दौरान दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के नियम पर भी प्रश्न उठाए। इसी संदर्भ में उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन का खुला समर्थन किया।

## बैलेट पेपर से हो मतदान: मायावती

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि ईवीएम से मतदान



की व्यवस्था को पारंपरिक बैलेट पेपर प्रणाली से बदल देना चाहिए एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हमारी पार्टी का यह सुझाव है कि ईवीएम के संबंध में लगातार उठती गड़बड़ियों की शिकायत की जा रही है। अब ईवीएम के द्वारा वोट डलवाने की जगह पुनः बैलेट पेपर से ही वोट डलवाने की प्रक्रिया लागू की जाए।

## त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है वंदेमातरम

सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में इसे राष्ट्र की आत्मा और स्वतंत्रता



संग्राम की धड़कन बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और अदम्य साहस की शाश्वत भावना है, जिसने गुलामी के दौर में करोड़ों भारतीयों के दिलों में स्वतंत्रता की लौ जलाए रखी। उन्होंने कहा कि यह गीत धर्म, भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोता रहा।

## ईवीएम का सोर्स कंपनी के पास होना चिंताजनक

लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस सांसद



मनीष तिवारी ने की। तिवारी ने निष्पक्ष चुनाव कराए जाने समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में सबसे बड़े चुनावी सुधार हुए। मशीनों का सोर्स कोड किसी कंपनी के पास होना गलत है।

## केंद्र ने गरीबों को 95.5 लाख घर दिए

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दो योजनाओं के



तहत लाभार्थियों को कुल 95.54 लाख घर उपलब्ध कराए हैं। यह जानकारी आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने संसद में दी। मंत्री ने बताया कि 2020 में सर्वेक्षण से यह पता चला कि 6.5 करोड़ लोग झुग्गियों में रह रहे थे।

## 15 लाख किसान कर रहे प्राकृतिक खेती

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि को



बचाने के लिए हम अनेक प्रयास कर रहे हैं। हम बीजों की नई किस्में लगातार तैयार कर रहे हैं। सरकार ने पिछले साल ही प्राकृतिक कृषि मिशन लॉन्च किया है। 15 लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। जैविक खेती को बढ़ा रहे हैं।

## 'बंकिम दा' कहा, पीएम माफी मांगें

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री से माफी



की मांग की। बेनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर उनका अपमान किया है। यहां के कूच बिहार में एक रैली में ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री का तब जन्म भी नहीं हुआ था।

---

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में भाजपा का किसान आंदोलन तेज

**बेंगलुरु।** भाजपा ने कर्नाटक में बड़ी संख्या में किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने



कांग्रेस सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों की निंदा की। प्रदर्शन में भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, नेता प्रतिपक्ष आर अशोक, चलवाड़ी नारायणस्वामी कई विधायक, सदस्य थे।

### भाटी को कोर्ट ने सुनाई 9 साल की सजा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की कासना कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर के एक मामले में जिला न्यायालय ने सुंदर



भाटी सहित 10 लोगों को दोषी करार देते हुए 9-9 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सिंहराज, विकास पंडित, योगेश, ऋषिपाल, बॉबी, सोनू,यतेंद्र चौधरी, अनूप पर जुर्माना किया है।

### प्रोड्यूसर विक्रम, पत्नी 7 दिन की रिमांड पर

**मुंबई।** बॉलीवुड से जुड़ा वित्तीय धोखाधड़ी का मामला राजस्थान की उदयपुर अदालत में निर्णायक



आ गया। बायोपिक घोटाले में आरोपी फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। 30 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला है।

---

राज्यों में एसआईआर के काम में 'बाधा' पर शीर्ष अदालत सख्त

# चुनाव आयोग के पास सारी शक्तियां मौजूद धमकियों को संज्ञान में लाएं, हम आदेश देंगे

### *कार्य में राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा।

सीजेआई सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने ईसी से कहा कि वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें। कोर्ट ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं तो पुलिस को तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। ईसी ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि चुनाव पैनल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है।

*सीजेआई और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा*

*पुलिस की तैनाती के अलावा रास्ता नहीं बचेगा*

## तनाव से आत्महत्या करने का सवाल ही नहीं उठता



देश का सर्वोच्च न्यायालय

ईसी की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के 6-7घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा कि यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है।

### बंगाल में 5 विशेष आईएएस नियुक्त

पश्चिम बंगाल में जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, उनमें रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रवि कांत सिंह को प्रेसिडेंसी संभाग के लिए एसआरओ बनाया गया है, जबकि गृह मंत्रालय के नीरज कुमार बांसोद को मेदिनीपुर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कृष्ण कुमार निराला बर्दवान संभाग के लिए एसआरओ होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसआरओ की नियुक्ति से सभी संभागों में एसआईआर प्रक्रिया की जांच मजबूत होगी। राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण 4 नवंबर को शुरू हुआ था। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी।

### तब चेतावनी देकर छोड़ दिया गया

71 साल के राकेश किशोर तब सुर्खियों में आए थे जब इसी साल 6 अक्टूबर को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई से दौरान तब ते सीजेआई बीआर गवई की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया। तत्काल प्रभाव से उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने अदालत के अधिकारियों और मौजूद सुरक्षाकर्मियों से इसे 'अनदेखा' करने को कहा और दोषी वकील को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## *पूर्व सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील को चप्पल से पीटा*

तत्कालीन सीजेआई बीआर गवई पर जूता उछालने के आरोपी वकील राकेश किशोर पर हमले का मामला सामने आया है। कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में राकेश किशोर पर एक वकील ने चप्पल से हमला कर दिया। वीडियो में वकील राकेश 'सनातन धर्म की जय' का नारा लगाते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में हमलावर का चेहरा नहीं दिख रहा है। राकेश किशोर ने भी हाथ चलाकर जवाब देने की कोशिश की। इस दौरान पहले वह यह पूछते रहे कि क्यों उन पर हमला किया जा रहा है? आसपास मौजूद वकीलों और अन्य लोगों ने बीच बचाव करते हुए स्थिति को संभाला। बाद में वकील ने दावा किया कि वह मध्यप्रदेश के खजुराहो मंदिर परिसर में भगवान विष्णु की मूर्ति की पुनर्स्थापना के अनुरोध वाली याचिका पर हाल में हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई की टिप्पणी से नाखुश थे।



### अब तक बार एसोसिएशन को कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई

शाहदरा बार एसोसिएशन के महासचिव नरवीर डबास का कहना है कि एसोसिएशन को इस बाबत दो वकीलों के बीच कहासुनी की जानकारी मिली है। हालांकि किसी भी तरफ से कोई शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है। यदि कोई भी पक्ष इस घटना की शिकायत करता है तो एसोसिएशन इस पर कार्रवाई करेगी।

---

*मंदिर में दीप जलाने का फैसला*

# जज स्वामिनाथन पर महाभियोग पेश प्रियंका समेत 100 सांसदों ने दी अर्जी



मद्रास उच्च न्यायालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और इंडिया गठबंधन के 100 से ज्यादा सांसदों ने संसद में महाभियोग लाने के लिए प्रस्ताव पेश किया है। यह कदम जस्टिस स्वामीनाथन द्वारा दिए गए एक आदेश को लेकर उठाया जा रहा है।

जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने 4 दिसंबर को एक मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था। उन्होंने सुब्रमनिया स्वामी मंदिर के अधिकारियों को दूसरे पक्ष के विरोध के बावजूद दीपथून पर शाम 6 बजे तक दीपक जलाने का आदेश दिया था। इससे तमिलनाडु सरकार काफी भड़क गई थी और आदेश मानने से ही इनकार कर दिया था।

### मंदिर के अधिकारों की पुष्टि

विरोध का कारण इसकी सिकंदर बादशाह दरगाह से निकटता थी। इसके अलावा कार्तिकई दीपम आमतौर पर पहाड़ी पर स्थित उचिपेल्लैयार मंदिर के पास दीपा मंडपम पर जलाया जाता है। जस्टिस स्वामीनाथन ने इन सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया। अपने फैसले में न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा कि दीपथून पर दीप जलाने से दरगाह या मुसलमानों के अधिकारों पर कोई असर नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि दीप नहीं जलाया गया तो इससे मंदिर के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। आरोप था कि मस्जिद के ट्रस्टी कथित तौर पर पहाड़ी के खाली हिस्सों पर अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं।

### *मंदिर प्रबंधन सतर्क रहे*

जज ने कहा कि भले ही यह परंपरा का मामला न हो,लेकिन दीपथून पर दीप जलाकर मंदिर का शीर्ष पर अधिकार जताना जरूरी है। उन्होंने 1923 के एक फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मस्जिद ट्रस्टी यथास्थिति को भंग कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन को संपत्ति पर अतिक्रमण के प्रयास को रोकने के लिए चौकस रहना चाहिए।

### तमिलनाडु सरकार ने नहीं माना फैसला

जस्टिस स्वामीनाथन के आदेश को तमिलनाडु सरकार ने लागू करने से मना कर दिया। सरकार ने इसके पीछे कानून-व्यवस्था बिगड़ने का हवाला दिया है। इसी पर अब विपक्ष महाभियोग की तैयारी में है। तमिलनाडु सरकार इस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।

---

काशी-तमिल संगमम4.0 की पहल 'तमिल करकलाम'

# वाराणसी के 50 स्कूलों में तमिल शिक्षक सिखा रहे तमिल

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी-तमिल संगमम 4.0 की पहल 'तमिल करकलाम' यानी आइए तमिल सीखें' के अंतर्गत जिले के 50 स्कूलों में तमिल भाषा की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। तमिलनाडु से आए 50 शिक्षकों ने अलग-अलग स्कूलों में छात्रों को तमिल भाषा की बुनियादी जानकारी दी। इनमें माध्यमिक और बेसिक स्कूलों के साथ-साथ जिले के निजी और कॉन्वेंट स्कूल भी शामिल हैं। दो विभिन्न पालियों में तमिल शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को तमिल पढ़ाया। इसके अंतर्गत तमिल बोलने के साथ अक्षर ज्ञान भी कराया जा रहा है। छात्रों को स्कूल में तमिल वर्णमाला, स्वर और व्यंजन की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा रोजमर्रा में उपयोग होने वाले वाक्यों जैसे आपका नाम क्या है?, आप किस स्कूल में पढ़ते हैं?, मेरा नाम है, आदि का तमिल में उच्चारण भी सिखाया जा रहा है।

## *बंगाली टोला इंटर कॉलेज में स्पेशल क्लास*



### सांस्कृतिक संगम का उदाहरण बना

पीएम नरेंद्र मोदी की पहल पर आयोजित यह संगमम उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत के संगम का श्रेष्ठ उदाहरण बन चुका है। प्रतिभागियों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना इस आयोजन में सजीव रूप से दिखाई देती है।

शिक्षकों के एक दल ने बंगाली टोला इंटर कॉलेज में स्पेशल क्लास आयोजित की। लगभग दो घंटे चली इस कक्षा में छात्रों को तमिल लिखना और बोलना सिखाया गया। छात्रों ने बताया कि उनके घर के आसपास तमिलनाडु से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, ऐसे में यदि वे तमिल भाषा सीख जाएंगे तो उन पर्यटकों से बातचीत कर सकेंगे और उनकी बातों को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। छात्रों ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय की यह पहल अत्यंत उपयोगी है।

### यह सेतु बनकर संबंधों को मजबूत कर रहा

2 दिसंबर से प्रारंभ हुआ यह दो-सप्ताह का कार्यक्रम तमिलनाडु और काशी के बीच सेतु बनकर सांस्कृतिक एवं बौद्धिक संबंधों को मजबूत कर रहा है। इस आयोजन में तमिलनाडु से 1,400 से अधिक प्रतिनिधि सात विभिन्न श्रेणियों छात्र, शिक्षक, लेखक, मीडिया प्रतिनिधि, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पेशेवर एवं शिल्पकार, महिलाएं तथा आध्यात्मिक विद्वान भाग ले रहे हैं। इससे लोगों में निकटता आएगी और कई संस्कृतियों को सीखने का मौका मिलेगा।

---

राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए

# हस्तशिल्प हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा व आजीविका का अहम स्त्रोत बना

## यह समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में वर्ष 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि कला हमारे अतीत की स्मृतियों, वर्तमान के अनुभवों और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है। प्राचीन काल से ही मनुष्य चित्रकला या मूर्तिकला के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करता रहा है। कला लोगों को संस्कृति से जोड़ती है। कला लोगों को एक-दूसरे से भी जोड़ती है।



### हमारी सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपरा जीवंत और संरक्षित

राष्ट्रपति ने कहा कि यदि हमारी सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपरा जीवंत और संरक्षित बनी हुई है, तो इसका श्रेय पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे कारीगरों की प्रतिबद्धता को जाता है। हमारे कारीगरों ने अपनी कला और परंपरा को बदलते समय के साथ ढाला है और साथ ही मूल भावना को भी जीवित रखा है।

उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं, बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। यह क्षेत्र देश में 32 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है। हस्तशिल्प से रोजगार और आय प्राप्त करने वाले ज्यादातर लोग ग्रामीण या दूरदराज के इलाकों में रहते हैं। यह क्षेत्र रोजगार और आय का विकेंद्रीकरण करके समावेशी विकास को बढ़ावा देता है।

# पंडया के हरफनमौला खेल से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को रौंदा

**⏩ भारत ने 101 रन से पहला टी-20 जीता** **⏩ 74 रन ही बना सका अफ्रीका** **⏩ हार्दिक की फिफ्टी, बुमराह के 100 विकेट पूरे**



भाषा ⏩ कटक

हार्दिक पंड्या के हरफनमौला खेल से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में मंगलवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से हराकर शानदार आगाज किया। पंड्या की नाबाद 59 रन की आक्रामक पारी के बूते भारत ने छह विकेट पर 175 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 12.3 ओवर में 74 रन पर आउट कर इस टीम के खिलाफ रनों के लिहाज से अपनी दूसरे सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने इससे पहले नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका को 135 रन से हराया था। टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह दक्षिण अफ्रीका का सबसे छोटा स्कोर है। बल्ले से अपना छठा टी20 अर्धशतक जड़ने वाले पंड्या ने डेविड मिलर (एक रन) का अहम विकेट भी चटकाया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल को दो-दो जबकि शिवम दुबे को एक सफलता मिली। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 22 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान एडेन मारक्रम ने 14-14 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम 12 ओवर के बाद चार विकेट पर 78 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन एशिया कप के बाद चोट से वापसी कर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे पंड्या ने 28 गेंद की नाबाद पारी में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। भारत के लिए तिलक वर्मा (32 गेंद में 26), अक्षर पटेल (21 गेंद में 23) अभिषेक शर्मा (12 गेंद में 17) क्रीज पर समय बिताने के बावजूद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिये। लुथो सिपामला को दो जबकि डोनोवन फरेरा को एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए अर्शदीप सिंह ने पारी की दूसरी गेंद पर ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर पवेलियन की राह दिखाने के बाद अपने अगले ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (14) को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया।



**भारत-175/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का यानसेन बो सिपामला | 17 |
| शुभमन गिल का यानसेन बो एनगिडी | 04 |
| सूर्यकुमार का मारक्रम बो एनगिडी | 12 |
| तिलक वर्मा का यानसेन बो एनगिडी | 26 |
| अक्षर पटेल का फरेरा बो सिपामला | 23 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 59 |
| शिवम दूबे बो फरेरा | 09 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 10 |

अतिरिक्त: 13
कुल योग: 20 ओवर में छह विकेट पर: 175 रन
विकेट पतन: 1-5, 2-17, 3-48, 4-78, 5-104, 6-137
गेंदबाजी: एनगिडी 4-0-31-3, यानसेन 4-0-23-0, सिपामला 4-0-38-2, नोर्किया 4-0-41-0, महाराज 2-0-25-0, फरेरा 2-0-13-1

**अफ्रीका-74/10 (12.3)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डिकॉक का अभिषेक बो अर्शदीप | 00 |
| एडेन मारक्रम बो अक्षर | 14 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का जितेश बो अर्शदीप | 14 |
| डेवाल्ड का सूर्यकुमार बो बुमराह | 22 |
| डेविड मिलर का जितेश बो पंड्या | 01 |
| डोनोवन फरेरा का जितेश बो चक्रवर्ती | 05 |
| मार्को यानसेन बो चक्रवर्ती | 12 |
| केशव महाराज का जितेश बो बुमराह | 00 |
| एनरिच नोर्किया बो अक्षर | 01 |
| लुथो सिपामला का अभिषेक बो दुबे | 02 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 01
कुल योग: 12.3 ओवर में सभी आउट: 74 रन
विकेट पतन: 1-0 , 2-16, 3-40 , 4-45, 5-50, 6-68, 7-68, 8-70, 9-72
गेंदबाजी: अर्शदीप 2-0-14-2, बुमराह 3-0-17-2, चक्रवर्ती 3-1-19-2, अक्षर 2-0-7-2, पंड्या 2-0-16-1, दुबे 0.3-0-1-1

## खबर संक्षेप



### पुंछ एलओसी के पास मैराथन सैकड़ों युवाओं ने लगाई दौड़

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को सेना द्वारा आयोजित की गई मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। भीमबेर गली ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं को फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने और सशस्त्र बलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यह मैराथन दूसरी बार आयोजित किया जा रहे मेंढर महोत्सव का हिस्सा थी। यह महोत्सव 23 नवंबर को शुरू हुआ और 11 दिसंबर को समाप्त होगा।

### एसए20 की कमेंट्री टीम में उथप्पा, स्टेन और मॉर्गन

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व दिग्गज टी20 खिलाड़ी रोबिन उथप्पा, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन एसए20 लीग के आगामी सत्र के लिए कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।



एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा जबकि फाइनल 25 जनवरी को खेला जाएगा। भारत में एसए20 का प्रसारण जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। अपनी पीढ़ी के महानतम तेज गेंदबाजों में शामिल स्टेन और इंग्लैंड की 2019 एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम के कप्तान मोर्गन के जुड़ने से कमेंट्री टीम को और मजबूती मिली है। पिछले सत्र में भी इस लीग के कमेंट्री पैनल का हिस्सा रहे उथप्पा एसए20 लीग के साथ अपना जुड़ाव जारी रखेंगे। जारी विज्ञप्ति के अनुसार कमेंट्री पैनल में शामिल अन्य सदस्य इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज केविन पीटरसन, पूर्व प्रथम श्रेणी कमेंटेटर और दिग्गज क्रिकेट विशेषज्ञ मार्क निकोलस, टी20 क्रिकेट के बल्लेबाजों में शामिल एबी डिविलियर्स और दक्षिण अफ्रीका के उनके हमवतन जेपी डुमिनी, एश्वेल प्रिंस, क्रिस मौरिस तथा वरनर फिलेंडर हैं।

### 21 को कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे 23 हजार धावक

**कोलकाता।** दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित दुनिया भर के 23 हजार से अधिक धावक 21 दिसंबर को यहां होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे।



युगांडा के चेप्टेगी और महिला वर्ग में गत चैंपियन सुतूम असेफा केबेडे इस दौड़ का मुख्य आकर्षण होंगे, जिसे विश्व एथलेटिक्स की तरफ से गोल्ड लेबल रोड रेस का दर्जा हासिल है। प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने भी इस बार 1:11:08 (एक घंटा, 11 मिनट, 08 सेकंड) का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले किसी भी एथलीट को 25,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की घोषणा की है। इस दौड़ की कुल पुरस्कार राशि 142,214 डॉलर है, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं के लिए बराबर की पुरस्कार राशि रखी गई है।

**आईपीएल 2026:** नीलामी अबू धाबी में 16 दिसंबर को

# नीलामी के लिए बीसीसीआई ने तैयार की अंतिम सूची, डीकॉक का नाम शामिल

एजेंसी ⏩ मुंबई

आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 1,355 खिलाड़ियों की सूची तैयार की थी। इस सूची को शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है। अंतिम सूची में 350 नाम शामिल हैं। इसमें 35 नए नाम शामिल हैं। बीसीसीआई ने जो नए नाम शामिल किए हैं, उनमें दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का नाम प्रमुख है। डी कॉक का बेस प्राइस 1 करोड़ है। क्विंटन डी कॉक का नाम विकेटकीपर-बल्लेबाजों के तीसरे सेट में शामिल किया गया है।

डी कॉक का आईपीएल में लंबा अनुभव है। उनके लिए नीलामी में टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। डी कॉक को केकेआर ने अगले सीजन के लिए रिटेन नहीं किया था। फिलहाल वह दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं और भारत के साथ होने वाली 5 टी20 मैचों की सीरीज में अपना जलवा दिखाने को तैयार हैं। आईपीएल 2026 के लिए मिनी नीलामी का आयोजन अबू धाबी में 16 दिसंबर को होगा। नीलामी में कैमरन ग्रीन महंगे खिलाड़ी के रूप में उभर सकते हैं।



### विदेशी खिलाड़ियों में मैथ्यू और फर्नांडो

नीलामी के लिए तैयार अंतिम सूची के विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के ट्रेवीन मैथ्यू, बिनुरा फर्नांडो, कुसल परेरा और दुनिथ वेल्लालगे शामिल हैं। अफगानिस्तान के अरब गुल, इंग्लैंड के माइल्स हैमंड और डैन लेटिगन, और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक, कॉनर एजथरहूजेन, जॉर्ज लिंडे और बायांडा माजोला को शामिल किया गया है।

### भारतीय में सादेक सोलंकी और साबिर

वहीं भारतीय खिलाड़ियों में सादेक हुसैन, विष्णु सोलंकी, साबिर खान, बृजेश शर्मा, कनिष्क चौहान, आरोन जॉर्ज, जिक्कू ब्राइट, श्रीहरि नायर, माधव बजाज, श्रीवत्स आचार्य, यशराज पुंजा, साहिल पराख, रोशन वाघसारे, यश दिचोलकर, अयाज खान, धुर्मिल मत्कर, नमन पुष्पक, परीक्षा वालसणकर, पुरव अग्रवाल, ऋषभ चौहान, सागर सोलंकी, इजाज सावरिया और अमन शेखावत के नाम जोड़े गए हैं।

### 2 करोड़ के बेस प्राइस में 40 खिलाड़ी

2 करोड़ के बेस प्राइस में 40 खिलाड़ी हैं। इसमें रवि बिश्नोई और वेंकटेश अय्यर के रूप में सिर्फ 2 भारतीय खिलाड़ी हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक नीलामी की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों से शुरू होगी। पहले बल्लेबाजों, फिर ऑलराउंडरों, विकेटकीपर-बल्लेबाजों, तेज गेंदबाजों और फिर स्पिनरों की नीलामी होगी। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

### पहले सेट में ग्रीन शामिल

पहले सेट में कैमरन ग्रीन शामिल हैं और उनके साथ डेवोन कॉनवे, जेक फ्रेजर-मैक्गर्क, सरफराज खान, पृथ्वी शॉ और डेविड मिलर के नाम हैं। वहीं वेंकटेश अय्यर ऑलराउंडरों के दूसरे सेट में शामिल होंगे।

### नीलामी में एक्सेलरेटेड राउंड लागू

बोर्ड के मुताबिक नीलामी में एक्सेलरेटेड राउंड लागू होगा। यह प्रक्रिया खिलाड़ी नंबर 70 के बाद शुरू होगी। पहले एक्सेलरेटेड राउंड में 71 से 350 तक के सभी खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके बाद टीमों से उन खिलाड़ियों के नाम मांगे जाएंगे, जिन्हें वे दोबारा नीलामी में देखना चाहती हैं।

### 64.3 करोड़ के साथ नीलामी में उतरेगी केकेआर

तीन बार की विजेता केकेआर 64.3 करोड़ रुपए की सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरेगी। उसके बाद पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है, जिसके पास 43.4 करोड़ रुपए की धनराशि बची है। एक बार आईपीएल खिताब जीत चुकी सनराइजर्स हैदराबाद 25.5 करोड़ रुपए के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर है।

**फुटबॉल**

# फैशन शो में हिस्सा लेंगे मेस्सी और सुआरेज



एजेंसी ⏩ कोलकाता

अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे, जिसके आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है। 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' के प्रमोटेर सतादरू दत्ता ने बताया कि मेस्सी और उनके स्ट्राइक जोड़ीदार लुइ सुआरेज और अर्जेन्टीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे। दत्ता ने बताया कि यह 'धर्मार्थ फैशन शो' होगा। इसके अलावा सुआरेज म्यूजिक शो का भी हिस्सा होंगे जबकि आयोजकों ने मेस्सी से औपचारिक रूप से आग्रह किया है कि वह दौरे के मुंबई चरण के दौरान नीलामी के लिए 2022 विश्व कप की कुछ यागदार चीजें लेकर आएं। मुंबई में कार्यक्रम शाम पांच बजे वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा जबकि इससे पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में साढ़े तीन बजे से पेडल कप होगा।

### सेसा फुटबॉल अकादमी ने किया आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई

**पणजी।** सेसा फुटबॉल अकादमी (एसएफए) की सीनियर महिला टीम ने पहली बार भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए क्वालीफाई किया है, जिससे तीन साल के अंतराल के बाद इस राष्ट्रीय लीग में गोवा का प्रतिनिधित्व बहाल होगा। टीम अब 20 दिसंबर से छह जनवरी तक पश्चिम बंगाल में होने वाले आईडब्ल्यूएल में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। इस प्रकार एसएफए आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई करने वाली गोवा की पांचवीं टीम बन गई है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और एसएफए के पूर्व कोच अरमांडो कोलासो ने कहा कि इससे गोवा में महिला फुटबॉल को नया जीवन मिलेगा। उन्होंने महिला फुटबॉलरों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए अकादमी को श्रेय दिया।

**आईसीसी रैंकिंग**

# टॉप 10 में स्मृति और जेमि लॉरा का जलवा बरकरार



एजेंसी ⏩ दुबई

महिला वर्ल्ड कप 2025 में विश्व विजेता भारतीय टीम की नंबर 1 बैटर स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में नंबर 2 की पोजीशन पर मौजूद हैं। आईसीसी की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में स्मृति के 811 रेटिंग अंक हैं। वहीं साउथ अफ्रीका की कप्तान और वर्ल्ड कप की टॉप स्कोरर लॉरा वोल्वार्ट 814 रेटिंग अंक नंबर 1 महिला वनडे बैटर बनी हुई हैं। टॉप 10 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ही हैं। भारतीय महिला टीम अब टी20 सीरीज खेलने 21 दिसंबर से श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी।

### जेमि 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें पायदान पर

अगर महिलाओं की वनडे रैंकिंग के टॉप 10 बैटर्स की बात करें तो जेमिमा रोड्रिग्स को तगड़ा फायदा हुआ था। भारत के लिए सेमीफाइनल में जीत की हीरो रहीं जेमिमा 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें पायदान पर आ गई थीं। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी फायदा हुआ था और वह 18वें से 14वें स्थान पर आ गई थीं। टॉप 10 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना और जेमि ही हैं।

### एनाबेल सदरलैंड नंबर 1 गेंदबाज

ताजा रैंकिंग टी20 की अपडेट हुई हैं, जिसमें एनाबेल सदरलैंड नंबर 1 गेंदबाज हैं और बेथ मूनी नंबर 1 बैटर हैं। साउथ अफ्रीका की मलाबा चार स्थान की छलांग के साथ नंबर 6 पर आ गई हैं। वहीं भारतीयों की रैंकिंग में खास बदलाव नहीं हुए हैं। भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के बाद कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है।
**दीप्ति का रैंकिंग में दबदबा :** इसके अलावा महिला वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं दीप्ति शर्मा टॉप 5 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में हैं। वह चौथे स्थान पर मौजूद हैं। जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में वह टॉप 10 में मौजूद अकेली भारतीय खिलाड़ी हैं और पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। अगर महिला टी20 बैटर्स की रैंकिंग देखें तो स्मृति मंधाना तीसरे और शेफाली वर्मा 9वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा नंबर 2 और रेणुका सिंह ठाकुर 11वें स्थान पर हैं। टी20 ऑलराउंडर्स में भी दीप्ती शर्मा तीसरे स्थान पर हैं और टॉप 10 में अकेली भारतीय हैं।

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

# दक्षिण अफ्रीका को हराकर आस्ट्रेलिया 11वें स्थान पर

चेन्नई ⏩ भाषा

दूसरे हाफ में तीन गोल करके आस्ट्रेलिया ने जूनियर हॉकी विश्व कप के क्लासीफिकेशन मैच में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को 4-2 से हराकर 11वां स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी कोच जे स्टासी की टीम के लिये 22वें मिनट में डंकन जैकसन ने फील्ड गोल किया। दूसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में हालांकि जेडन ब्रूकर ने दक्षिण अफ्रीका के लिये बराबरी का गोल दाग दिया। हाफटाइम तक स्कोर एक-एक से बराबर था। एंड्रयू पैट्रिक ने 35वें मिनट में फील्ड गोल करके आस्ट्रेलिया को फिर बढत दिला दी। आखिरी क्वार्टर में आस्ट्रेलिया को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर 51वें और 55वें मिनट में क्रमशः डायलान ब्रिक और मैथ्यू हॉथ्रोन ने गोल किये। दक्षिण अफ्रीका के लिये दूसरा गोल आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट पहले लिथा क्राइ ने दागा। इससे पहले 13वें और 14वें स्थान के मुकाबले में मलेशिया ने शूटआउट में जापान को हराया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद मैच शूटआउट में खिंचा जिसमे जापान एक भी गोल नहीं कर सका।

# प्रदर्शन मैच में अल्काराज का जलवा अमांडा और जेसिका ने लिया हिस्सा

एजेंसी ⏩ मियामी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा।

यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इस प्रदर्शनी मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे।



**प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर ने टॉप छह में बनाई जगह**

# मैनचेस्टर यूनाइटेड की लगातार 5वीं जीत, वॉल्व्स को हराया

एजेंसी ⏩ मैनचेस्टर

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग में लगातार अपनी 5वीं जीत दर्ज की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने वॉल्व्स को 4-1 से हराया। टीम की जीत में ब्रूनो फर्नांडीस के दो गोल का अहम योगदान रहा। इस जीत के साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग के टॉप छह में जगह बना ली।

फर्नांडीस का पहले हाफ का गोल हाफ टाइम से ठीक पहले जीन-रिकनर बेलेगार्ड ने कैंसिल कर दिया था, लेकिन ब्रायन मबेउमो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही यूनाइटेड की बढ़त वापस दिला दी। मेसन माउंट ने 62वें मिनट में तीसरा गोल किया, जिसके बाद फर्नांडीस ने 82वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके टीम को बड़ी जीत दिलाई। जीत के साथ छठे नंबर की यूनाइटेड के 25 पॉइंट हो गए, जो चेल्सी के बराबर है, जो पांचवें नंबर पर है। यह वॉल्व्स की लगातार आठवीं हार थी। वॉल्व्स दो पॉइंट के साथ टेबल में सबसे नीचे है और अपने ऊपर की टीम बर्नले से आठ पॉइंट पीछे है।



### हमारी गति अच्छी थी

जीत के बाद यूनाइटेड के मैनेजर रूबेन एमोरिम ने कहा, "मुझे लगता है कि हमने गेम की शुरुआत बहुत अच्छी की। हमने एक गोल किया और हमने वुल्व्स को गेम में थोड़ा वापस आने दिया। पहले हाफ के आखिर में हमें दिक्कत हुई, लेकिन दूसरे हाफ में हमारी गति अच्छी थी। हमने सही फैसले लिए। हमने गेम खत्म किया और वुल्व्स एक मुश्किल दौर से गुजर रही है।

### हमारे पास बहुत सारे शॉट थे

एमोरिम ने कहा, "हमने चार गोल किए, लेकिन हमारे पास बहुत सारे शॉट थे। मुझे लगता है कि अगर आप पिछले सीजन और इस सीजन की तुलना करें, तो हमने बहुत सुधार किया है। हम बहुत ज्यादा मौके बना रहे हैं, ज्यादा गोल कर रहे हैं, और ज्यादा खतरे की स्थिति का इससे मैं बहुत खुश हूं।"

### खराब खेल की मिल रही सजा

वॉल्व्स के कोच रॉब एडवर्ड्स ने कहा, "हमने मैच में वापसी की थी, लेकिन लगातार गोल लगने की वजह से मैच हमसे दूर चला गया। मैच के बड़े पलों में, हमने उन्हें बॉल वापस देने पर जोर दिया। हमें खराब खेल की सजा मिल रही है। हमें अपने खेल में लगातार सुधार करने और अच्छा खेलने की कोशिश करनी होगी।"




# जकार्ता में आग से 20 की मौत, राहत व बचाव जारी



एजेंसी ⏭ जकार्ता

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के केमायोरन इलाके में मंगलवार दोपहर एक सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। हालांकि, आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत के अंदर राहत व खोजबीन अभियान जारी है। इस जानकारी की पुष्टि सेंट्रल जकार्ता पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुरनोमो कोंड्रो ने की।

### आग के कारणों की कर रहे जांच

जकार्ता डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के प्रमुख इस्नावा अदजी ने बताया कि आग के कारणों की जांच जारी है और नुकसान के आकलन पर काम हो रहा है। उनके मुताबिक आग कैसे लगी, यह अब भी जांच का विषय है। अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 28 फायर ट्रक और 101 कर्मियों को तैनात किया था। मृतकों और घायलों को पहचान और इलाज के लिए पूर्वी जकार्ता के क्रामत जाति पुलिस हॉस्पिटल ले जाया गया।

### टेरा ड्रोन कंपनी का ऑफिस

यह इमारत टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का मुख्यालय है, जो खनन, कृषि समेत कई क्षेत्रों में ग्राहकों को हवाई सर्वे ड्रोन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है।

# किसी मुगालते में ना रहे भारत, अगर अब कोई हमला हुआ तो देंगे करारा जवाब

## सीडीएफ बनते ही मुनीर ने भारत के खिलाफ उगला जहर, बोले...

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) यानी फील्ड मार्शल बनते ही भारत को गीदड़भभकी दी है। अपने पहले संबोधन में पाक सेनाओं के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोसी देश भारत को किसी गलतफहमी या कोरी कल्पनाओं में नहीं रहना चाहिए। क्योंकि अगर इस बार पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी तरह की कोई आक्रामकता दिखाई गई या ऑपरेशन सिंदूर जैसा कुछ किया तो उसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे।

हमारा जवाब पहले से कहीं ज्यादा तेज, भयावह और कठोर होगा। पाकिस्तान अपनी सेना के सैन्य योद्धाओं के पराक्रम की वजह से महफूज है। मुनीर ने सीडीएफ का कार्यभार संभालने के बाद जनरल मुख्यालय (जीएचक्यू) में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और उसके बाद संयुक्त सैन्य बलों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक शांतिप्रिय देश है और इसके साथ ही हमारी पहचान अजेय है।



किसी को भी हमारी संप्रभुता या संकल्प को चुनौती देने की इजाजत नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब आसिम मुनीर ने भारत को धमकी दी है। पूर्व में उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नसे बताया था और उसके बाद अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु युद्ध की धमकी दे डाली थी। मुनीर ने आधुनिक युद्धकौशल में आ रहे बदलावों का भी अपने संबोधन में उल्लेख किया और पाकिस्तान के आम नागरिकों और सेना के प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही कहा कि ये भविष्य के विवादों के मामले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई चार दिवसीय कार्यवाही एक केस स्टडी बनेगी। फील्ड मार्शल मुनीर के पदभार ग्रहण करने को लेकर आयोजित किए गए समारोह में पाक सेना के आला अधिकारियों ने शिरकत की।

**27 वां संविधान संशोधन बना आधार:** पाकिस्तान द्वारा किए गए 27 वें संविधान संशोधन के बाद आसिम मुनीर को पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं के इस सर्वोच्च पद सीडीएफ पर आसीन किया गया है। मूलरूप से ये उनकी ऑपरेशन सिंदूर के बाद की गई पदोन्नति है। वर्तमान में उनके पास पाकिस्तान की सेना, वायुसेना और नौसेना की कमान होने के अलावा परमाणु हथियारों से जुड़ी पाकिस्तानी कमांड की जिम्मेदारी भी आ गई है। संविधान संशोधन के जरिए इस पद पर बैठने के बाद मजबूत रक्षा कवच भी फील्ड मार्शल के पास आ गया है। बीते 5 दिसंबर को आसिम मुनीर के सीडीएफ बनने की अधिसूचना जारी हुई थी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार की पाक सेना, वायुसेना और नौसेना संशोधन बिल-2025 को लेकर की गई सिफारिश पर स्वीकृति प्रदान करते हुए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें पाकिस्तान का पहला सीडीएफ नियुक्त किया है। सीडीएफ के पद पर मुनीर सेनाप्रमुख के पांच वर्ष के मौजूदा कार्यकाल के साथ बने रहेंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर जारी है: भारत:** यहां बता दें कि भारत पहले ही पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया को यह साफ कर चुका है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। भारत ने अपनी इस सैन्य कार्यवाही पर अस्थायी रूप से विराम लगाया है। इसके अलावा ये भी कहा है कि अब अगर भारत के खिलाफ सीमा पार से कोई आतंकी हमला या ऐसी कोई अन्य गतिविधि होगी तो नई दिल्ली उसे भारत के खिलाफ युद्ध की कार्यवाही मानते हुए उसी अंदाज में तुरंत और करारा जवाब देगी। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने 7 से 10 मई 2025 तक संयुक्त रूप से अपनी सैन्य कार्यवाही को अंजाम दिया था। जिसमें उन्होंने पलक झपकते ही पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी अड्डों में छिपे बैठे 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया था।

### निर्णय को बताया ऐतिहासिक

मुनीर ने सीडीएफ मुख्यालय की स्थापना के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। साथ ही कहा कि इसका मकसद बहुआयामी सैन्य अभियानों के दायरे को बढ़ाते हुए पाक सेना, वायुसेना और नौसेना की एकजुट कार्यवाही को अंजाम देना है। इसके अलावा उन्होंने तेजी से बढ़ते हुए और बदलते हुए खतरों को देखते हुए इस बात की आवश्यकता जताई कि तीनों सशस्त्र सेनाएं एकजुटता से नए स्थापित किए रक्षा बल मुख्यालय के तहत एकीकृत हो जाएं। यह मुख्यालय तीनों सेनाओं के बीच सैन्य अभियानों के दौरान समन्वय को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा। हालांकि ये भी कहा कि देश की प्रत्येक सैन्य सेवा अपनी स्वायत्तता को बरकरार रखेगी।

**अफगानिस्तान को भी दी चेतावनी**

पाकिस्तानी सीडीएफ आसिम मुनीर ने भारत के अलावा अफगानिस्तान को भी चेतावनी दी है। जिसमें यह कहा है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को तहरीक-ए-तालिबान-पाकिस्तान (टीटीपी) या बतौर देश पाकिस्तान में से किसी एक का विकल्प के रूप में चुनाव करना पड़ेगा। क्योंकि ऐसा करने के अलावा अब उनके हाथ में कुछ नहीं है।

# गोवा अग्निकांड: नाइट क्लब के बाद रेस्टोरेंट पर भी चला प्रशासन का बुलडोजर, एक और अरेस्ट

एजेंसी ⏭ पणजी

लूथरा बंधुओं के गोवा के नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के साथ रेस्टोरेंट को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया। सीएम प्रमोद सावंत के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। गोवा सीएमओ ने एक बयान जारी कर बताया कि इंटरपोल ने भी नाइट क्लब के मालिकों गौरव और सौरभ लूथरा के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। गोवा पुलिस ने दोनों के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए सीबीआई से संपर्क किया था। सीएम कार्यालय ने बताया कि सीएम सावंत ने उत्तरी गोवा जिला प्रशासन को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाइट क्लब को गिराने के निर्देश दिए थे। यह नाइट क्लब सरकारी जमीन पर गैर-कानूनी तरीके से बना है। राज्य प्रशासन ने स्थानीय पंचायतों पर अवैध निर्माण की मंजूरी देने का आरोप लगाया। सीएम कार्यालय ने कहा कि नाइट क्लब के बिजली कनेक्शन, पानी कनेक्शन और भवन मरम्मत की एनओसी पर हस्ताक्षर किए। नाइट क्लब का ट्रेड लाइसेंस भी मार्च 2024 में खत्म हो गया था। लेकिन इसके बावजूद नाइट क्लब का संचालन हो रहा था। तीसरे आरोपी भारत कोहली को दिल्ली से हिरासत में लेकर गोवा पुलिस अपने साथ ले आई है।

*दोनों देशों के विदेश कार्यालयों से जुड़ी वार्ता में की गई इन मुद्दों चर्चा*

# भारत-अमेरिका के बीच हुई व्यापार, निवेश और रक्षा सहयोग पर बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

टैरिफ संकट के दौर में भारत और अमेरिका के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में विदेश कार्यालय से जुड़ी हुई एक महत्वपूर्ण मंत्रणा बैठक हुई। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों में शामिल व्यापार, निवेश और रक्षा सहयोग, विश्वास से जुड़े कदम, ऊर्जा सहयोग, तकनीक, जटिल खनिज और भरोसेमंद सप्लाई चेन जैसे मुद्दों पर बातचीत की गई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस वार्ता में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिकी विदेश विभाग में उप-सचिव एलिसन हूकर शामिल हुए। दोनों पक्षों ने साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी अपनी बातचीत के दौरान विचार-विमर्श किया। मंत्रालय ने बताया कि भारत और अमेरिका के प्रतिनिधियों ने इस संवाद में एक खुले हुए स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी अपनी प्रतिबद्धता जतायी। इस मंत्रणा ने दोनों देशों को अपनी व्यापक वैश्विक सामरिक साझेदारी की विस्तृत रूप से समीक्षा करने का अवसर प्रदान किया है। वर्तमान में मौजूद संवाद तंत्र के तहत जारी प्रगति का दोनों पक्षों ने स्वागत किया। यह चर्चा 21 वीं शताब्दी के हिसाब से 'COMPACT' के जरिए दोनों देशों की साझेदारी से संबंधित मुख्य स्तंभों में परिवर्तनकारी सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

# भारत-बांग्लादेश के बीच हुआ 85 मछुआरों का आदान-प्रदान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और बांग्लादेश के बीच मंगलवार को पारस्परिक रूप से कुल 85 मछुआरों का आदान-प्रदान किया गया है। जिसमें बांग्लादेश ने भारत को 47 मछुआरों को उनकी नौकाओं के साथ सौंपा है और इसी तरह से भारत ने 38 बांग्लादेशी मछुआरों को उनकी नौकाओं के साथ बांग्लादेश को सौंपा है। इन सभी को हाल ही में गलती से अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने के दौरान दोनों देशों ने पकड़ा था। विदेश मंत्रालय द्वारा 9 दिसंबर को जारी किए गए एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इस साल जनवरी महीने में भारत सरकार ने 95 मछुआरों को बांग्लादेश से छुड़ाकर वापस स्वदेश लाने में मदद प्रदान की थी। इसी कवायद के दौरान नई दिल्ली ने 90 बांग्लादेशी मछुआरों को भी छोड़ा था। दोनों देशों के बीच मछुआरों को वापस उनके देश भेजने की यह प्रक्रिया मानवीयता और मछुआरों की आजीविका से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए पूरी की जाती है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार मछुआरों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसी के साथ ही वह बांग्लादेश की कैद में मौजूद मछुआरों की सुरक्षित रिहाई को लेकर लगातार प्रयासरत रहेगी।

### आज से भारत यात्रा पर इटली के विदेश मंत्री

इटली के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी बुधवार 10 दिसंबर से भारत की तीन दिवसीय (10 से 12 दिसंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान उनकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ राष्ट्रीय राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है। गुरुवार को तजानी का मुंबई में एक कार्यक्रम होगा और इसके अगले दिन 12 दिसंबर को उनकी यह यात्रा समाप्त हो जाएगी और वह इटली वापस लौट जाएंगे।




### भारत-इंडोनेशिया के बीच 'गरुड़ शक्ति' अभ्यास जारी

**नई दिल्ली।** भारत-इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' का 10वां संस्करण हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल में जारी है। यह अभ्यास 3 से 12 दिसंबर 2025 तक चलेगा। भारतीय सेना की तरफ से एक्स पर जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत-इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास गरुड़ शक्ति का 10वां संस्करण बकलोह स्थित विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल में चल रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य अर्ध-पहाड़ी इलाकों में आतंकवाद-रोधी अभियानों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को सुगम बनाना है। मुख्य फोकस क्षेत्रों में हेलीबोर्न ऑपरेशन, लड़ाकू शूटिंग और ड्रोन तथा सी-यूएएस प्रणालियों का उपयोग शामिल है, जो भारत और इंडोनेशिया के बीच मजबूत रक्षा साझेदारी को और मजबूत करेगा। बता दें कि भारतीय सैन्य दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे हैं, जबकि इंडोनेशियाई सैन्य दल में इंडोनेशियाई विशेष बल के जवान शामिल हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के विशेष बलों के बीच आपसी समझ, सहयोग और अंतरक्रियाशीलता को मजबूत करना है। यह अभ्यास रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने तथा दोनों मित्र राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109